RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 137 • 07:09:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## जल और प्रकृति संरक्षण भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जल और प्रकृति संरक्षण भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा है। उन्होंने जल संरक्षण पर तत्काल कार्यवाही का आह्वान किया और जल से संबंधित मुद्दों के संबंध में राष्ट्र के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए 'कम करें, पुनः उपयोग करें, पुनः रिचार्ज करें और पुनः चक्रित करें' के मंत्र को अपनाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के सूरत में 'जल संचय जन भागीदारी' पहल के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम के तहत वर्षा जल संचयन बढ़ाने और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में लगभग 24,800 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आज गुजरात की धरती से एक महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत हो रही है। मानसून के कहर के बारे में बात करते हुए मोदी ने कहा कि देश के लगभग सभी क्षेत्रों को इसके कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। गुजरात को इस बार अत्यधिक संकट का सामना करना पड़ा और स्थिति को संभालने के लिए विभाग पूरी तरह से तैयार नहीं थे, फिर भी गुजरात और देश के लोग ऐसी विकट परिस्थितियों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और एक-दूसरे की मदद की। उन्होंने आगे कहा कि देश के कई हिस्से अभी भी मानसून के प्रभाव से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण सिर्फ नीति नहीं है, यह एक प्रयास भी है और एक गुण भी है; इसमें उदारता भी है और ज़िम्मेदारी भी। मोदी ने कहा, "जल वह पहला मापदंड होगा जिसके आधार पर हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारा मूल्यांकन करेंगी।" उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि जल सिर्फ एक संसाधन नहीं है, बल्कि यह जीवन और मानवता के भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, टिकाऊ भविष्य के लिए 9 संकल्पों में सबसे प्रमुख है। प्रकृति और जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में दुनिया के ताजा पानी का केवल 4 प्रतिशत मौजूद है। उन्होंने कहा, "भले ही देश में कई शानदार नदियां हैं लेकिन बड़े भौगोलिक क्षेत्र पानी से वंचित हैं और भूजल स्तर भी तेज़ी से घट रहा है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पानी की कमी ने लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा असर डाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण केवल नीतियों का मामला नहीं है, बल्कि सामाजिक प्रतिबद्धता का भी मामला है। उन्होंने जागरूक नागरिक, जन भागीदारी और जन आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डाला।

### युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षकों के हाथों में : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण सेवा प्रदान कर रहे हैं और आज के युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी उनके हाथों में है। वह शुक्रवार को सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव पर चर्चा की और अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक छात्रों को विभिन्न भाषाओं में स्थानीय लोककथाएं सिखा सकते हैं, ताकि छात्र कई भाषाएं सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता को जानने के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें सीखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी मदद मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि पुरस्कार विजेता शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ना चाहिए और अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना चाहिए ताकि हर कोई ऐसी प्रथाओं से सीख सके, उन्हें अपना सके और उनसे लाभ उठा सके। इस दौरान पुरस्कार विजेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ अपने शिक्षण अनुभव साझा किए। उन्होंने सीखने को और अधिक रोचक बनाने के लिए अपने द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दिलचस्प तकनीकों के बारे में भी बात की। शिक्षकों ने अपने नियमित शिक्षण कार्य के साथ-साथ उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के उदाहरण भी साझा किए।

## ब्रुनेई-सिंगापुर की यात्रा से लौटे पीएम मोदी बोले-यात्रा बहुत फलदायी रही

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पीएम नरेंद्र मोदी सिंगापुर और ब्रुनेई की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद दिल्ली लौट आए हैं। उन्होंने अपने एक्स पर सिंगापुर यात्रा का एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा सिंगापुर की मेरी यात्रा बहुत फलदायी रही है। यह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी और हमारे देश के लोगों को लाभ पहुंचाएगी। मैं सिंगापुर की सरकार और लोगों को उनकी गर्मजोशी के लिए धन्यवाद देता हूं।

इससे पहले गुरुवार को पीएम मोदी और सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के संसद भवन में मुलाकात की थी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद, दोनों पक्षों ने डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में चार एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पीएम मोदी ने पीएम वोंग को भारत आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

पीएम मोदी ने एईएम होल्डिंग्स लिमिटेड की सेमीकंडक्टर सुविधा का भी दौरा किया। इस दौरान सिंगापुर के प्रधारमंत्री वोंग भी पीएम मोदी के साथ मौजूद थे। पीएम मोदी ने सिंगापुर की सेमीकंडक्टर कंपनियों को 11-13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली सेमीकॉन इंडिया प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इससे पहले सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुग रत्नम से भी मुलाकात की। पीएम की उनसे बातचीत कौशल विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी, नवाचार और कनेक्टिविटी सहित प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित थी। पीएम मोदी और पीएम वोंग ने भारत और सिंगापुर के साझा इतिहास, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित दोस्ती की लंबी परंपरा और कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग की सराहना की। उन्होंने राजनीतिक, आर्थिक, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, और सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया। भारत और सिंगापुर अगले साल राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मनाएंगे। इस पृष्ठभूमि में, दोनों प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय सहयोग को गहरा और व्यापक बनाने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के उच्च स्तर तक ले जाने पर सहमति व्यक्त की। बता दें कि सिंगापुर दौरे से पहले पीएम मोदी ब्रुनेई के आधिकारिक दौरे पर थे। पीएम मोदी ने बंदर सेरी बेगवान के इस्ताना नुरुल ईमान में ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- महामहिम सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मिलकर खुशी हुई। हम व्यापार संबंधों, वाणिज्यिक संबंधों का और विस्तार करने जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति ने पांच देशों के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में सोलोमन द्वीप, नाउरू, इटली, आइसलैंड और इज़राइल के उच्चायुक्तों व राजदूतों से परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में सोलोमन द्वीप के उच्चायुक्त एंथनी मकाबो, नाउरू के उच्चायुक्त केन अमांडस, इटली के राजदूत एंटोनियो एनरिको बार्टोली, आइसलैंड के राजदूत बेनेडिक्ट होस्कुलडसन और इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार शामिल थे।

### जम्मू-कश्मीर आतंकवादी हॉटस्पॉट से पर्यटन स्थल में बदल गया है : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के



कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर शांति और विकास के नए युग का गवाह बन रहा है और यह क्षेत्र आतंकवादी हॉटस्पॉट से पर्यटन स्थल में बदल गया है। जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर रवाना होने से पहले केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास का नया दौर शुरू हो रहा है। यह क्षेत्र आतंकवाद के केंद्र से पर्यटन के केंद्र में तब्दील हो गया है, यहां शैक्षणिक और आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, "मैं अपने दो दिवसीय दौरे पर जम्मू के लिए रवाना हो रहा हूं, जहां मैं आज भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन करूंगा और कल कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने कार्यकर्ताओं से बातचीत करूंगा।

### इंडिगो का एसी फेल, तीन महिलाओं की तबीयत बिगड़ी, यात्रियों ने मचाया हंगामा

**नई दिल्ली।** बजट एयरलाइंस इंडिगो में एयर कंडीशनर (एसी) फेल होने से तीन महिला यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। एक महिला यात्री बेहोश भी हो गई। इंडिगो की यह फ्लाइट दिल्ली से वाराणसी जा रही थी। इसी दौरान एसी फेल होने से यात्रियों को करीब एक घंटे 5 मिनट तक गर्मी में सफर करना पड़ा। इस दौरान यात्रियों जमकर हंगाम मचाया। इंडिगो की इस फ्लाइट में सफर करने वाले एक यात्री ने 'एक्स' पोस्ट पर दी जानकारी में बताया कि यात्रियों ने विमान के क्रू मेंबर्स से एसी ठीक कराने को कहा लेकिन उन्होंने सिर्फ जल्द ठीक होने का आश्वासन दिया लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विमान उसी तरह वाराणसी में लैंड किया। इससे फ्लाइट के अंदर मौजूद तीन महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई, जबकि एक महिला बेहोश हो गई। विमान में बैठे यात्री वाराणसी पहुंचने तक मैगजीन और न्यूजपेपर से हवा करते रहे। इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट 6 E-2235 ने नई दिल्ली से गुरुवार शाम को साढ़े सात बजे उड़ान भरी थी, जो रात करीब 8 बजकर 40 मिनट पर वाराणसी पहुंच गई। इस दौरान एसी फेल होने की वजह से यात्रियों की हालात खराब हो गई। हालांकि, इंडिगो की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## भाजपा ने ममता पर साधा निशाना- निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री और डीसी को दे देना चाहिए इस्तीफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता केआरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या की घटना पर पीड़िता के माता-पिता ने प्रशासन से कई सवाल किए। इन सवालों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन पर तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि ममता बनर्जी को निष्पक्ष जांच के लिए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि पीड़िता के पिता ने आज देश के सामने जो सवाल रखे हैं वो बेहद अहम हैं। पीड़िता के पिता ने पूछा कि जब बेटी का शव उनके घर में था, तब डीसी नॉर्थ ने उन्हें पैसे की पेशकश क्यों की। उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। संबित पात्रा ने पूछा कि एक प्रशासक द्वारा पैसे की पेशकश तब की जाती है जब वहां कोई भ्रष्टाचार हुआ हो या कुछ छिपाने की कोशिश हो। इसमें छिपाने के लिए क्या था कि ममता बनर्जी की सरकार ने डीसी को भेजा और पीड़िता के पिता को पैसे की पेशकश की? ऐसा क्या था जिसे प्रशासन दबाना चाह रहा था? संबित पात्रा ने पूछा इस मामले में एफआईआर दर्ज करने में 12 घंटे से भी ज्यादा की देरी क्यों की गई। इस मामले में अस्पताल को एफआईआर कराना चाहिए था लेकिन पीड़िता के पिता ने देर रात पौने 12 बजे मामला दर्ज कराया। पीड़िता के पोस्टमार्टम में देरी की गई। इसके साथ पीड़िता के शव के साथ टीएमसी के नेता क्यों गए जबकि उसके 15 रिश्तेदार वहां मौजूद थे। पीड़ित महिला डॉक्टर का दाह संस्कार जल्दबाजी में किया गया था। संबित पात्रा ने कहा कि पीड़िता के माता-पिता के सभी सवालों के जवाब ममता बनर्जी को देने चाहिए। इस मामले की जांच तक उन्हें मुख्यमंत्री पद पर भी बने रहने का कोई अधिकारी नहीं है।

## 1990 से लेकर अब तक के शासन में अमावस्या और पूर्णिमा का फर्क पता चल रहा होगा : जेपी नड्डा

**एजेंसी। पटना**



केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पटना के आईजीआईएमएस में आंख अस्पताल के उद्घाटन मौके पर शुक्रवार को कहा कि 1990 से 2005 और 2005 से अब तक की यात्रा कैसी रही? आपको अमावस्या और पूर्णिमा का फर्क पता चल रहा होगा। जेपी नड्डा ने कहा कि पीएमसीएच की कहानी आपको मालूम होगी। वर्ष 1980 और 1990 के दशक में पीएमसीएच की क्या हालत थी, यह आप जानते हैं। जब नीतीश कुमार आए तो पीएमसीएच की हालत सुधारी। आज पीएमसीएच 5462 बेड के साथ दुनिया का दूसरा बड़ा अस्पताल बन रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि वर्ष 2005 तक आईजीआईएमएस का क्या हाल था और 2005 के बाद अब तक इस अस्पताल ने विकास की कैसी छलांग लगाई है। आप जब इसके विकास पर ध्यान देंगे तो राजग सरकार के मील का पत्थर देंगे। पहले स्वास्थ्य का मतलब होता था कि मरीज बीमार हो तो उसका इलाज करो। अब स्वास्थ्य का मतलब है कि मरीज को बीमार ही नहीं होने देना। स्वास्थ्य विभाग जन्म से लेकर 16 साल तक आपको 26 इंजेक्शन लगाता है, ताकि आप स्वस्थ रह सकें। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा कि प्रिवेंटिव मेडिसीन से प्रोमोटिव हेल्थकेयर पर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार लगातार काम कर रही है। आईजीआईएमएस बिहार की ही नहीं, बल्कि ओडिशा, बंगाल और नेपाल की सेवा कर रहा है। इस इंस्टीट्यूट में 11 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बना है। वर्ल्ड क्लास इलाज की सुविधा इस नेत्र अस्पताल में है। जेपी नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दरभंगा एम्स के लिए जमीन उपलब्ध करवाई। कल मैं उस जमीन को देखने जाऊंगा। उन्होंने कहा कि दरभंगा की जमीन थोड़ी नीची है और बिहार सरकार ने इसकी भराई की जिम्मेदारी भी उठाई है। हम इसे और ऊंचा करते हुए बनाएंगे। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार आने को आतुर हैं। वह दरभंगा में एम्स का जल्द से जल्द शिलान्यास करना चाहते हैं ताकि मिथिलांचल समेत पूरे बिहार के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

### आंध्रप्रदेश में 3400 करोड़ के एसडीआरएफ का बाढ़ प्रभावितों के तत्काल राहत में उपयोग होगा : शिवराज

**आंध्रप्रदेश/नई दिल्ली।** आंध्रप्रदेश व विजयवाड़ा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे केंद्रीय कृषि



मंत्री शिवराज चौहान ने राहत की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फंड (एसडीआरएफ) का उपयोग प्रभावितों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए किया जाएगा। शिवराज चौहान एक दिन पूर्व गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर शुक्रवार को बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत की घोषणा की। आंध्रप्रदेश में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाढ़ से नुकसान का आकलन किया गया। बाढ़ के कारण किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई और केला, हल्दी, धान व सब्जियों की फसलों को सौ प्रतिशत नुकसान हुआ है। इस नुकसान को देखते हुए आंध्रप्रदेश में 3400 करोड़ रुपये से अधिक के स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फंड (एसडीआरएफ) का उपयोग प्रभावितों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अमेरिका रवाना, सपनों के भारत पर करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को अमेरिका रवाना हो गए हैं जहां वह भारतीय प्रवासियों के साथ मुलाकात करेंगे। व्यापारिक और शैक्षणिक नेताओं से मिलने और अन्य गतिविधियों में भी शामिल होंगे। दिल्ली हवाई अड्डे पर राहुल गांधी शुक्रवार तड़के अमेरिका के लिए रवाना हो गए। जब मीडिया ने उनकी यात्रा के बारे में पूछा, तो उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह यात्रा जून में लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी की पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा है। आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने प्रभावशाली वापसी करते हुए 99 सीटें जीतीं। इस जीत का श्रेय व्यापक रूप से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा श्रृंखला को दिया गया, जिससे पार्टी को अपने जमीनी स्तर पर संपर्क मजबूत करने में



मदद मिली। 8 और 9 सितंबर को राहुल गांधी टेक्सास और वाशिंगटन डीसी में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात करेंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट के जरिए लोगों को इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया। संगठन की वेबसाइट के मुताबिक टेक्सास की बैठक डलास में टोयोटा म्यूजिक फैक्ट्री में होगी। वाशिंगटन डीसी कार्यक्रम सोमवार को शाम को डलेस हवाई अड्डे के पास हिल्टन वाशिंगटन डलेस में आयोजित किया जाएगा।

## चुनाव से पहले आखिरकार कांग्रेसी के हुए विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया हैं। पार्टी में शामिल होने से पहले दोनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पहुंचे थे। इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया था। खड़गे के आवास पर पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने कहा कि आज कांग्रेस के लिए बड़ा दिन है। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने विनेश और बजरंग से मुलाकात करने के बाद सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा कि चक दे इंडिया, चक दे हरियाणा! दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाले हमारे प्रतिभाशाली चैंपियन विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया से मुलाकात। हमें आप दोनों पर गर्व है। इसके पहले पूनिया ने बताया था कि वह और विनेश शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल होने वाले है। बता दें कि पिछले काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे कि कुश्ती के दोनों धाकड़ पहलवान कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकते हैं। इससे पहले दोनों ने राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी।

**रेलवे की नौकरी को टटा :** विनेश ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से पहले रेलवे की नौकरी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने खुद इसकी घोषणा करते हुए बताया कि रेलवे की सेवा जीवन का सबसे यादगार और गौरवपूर्ण समय रहा है। जीवन के इस मोड़ पर मैंने स्वयं को रेलवे सेवा से पृथक करने का निर्णय लेते हुए अपना त्यागपत्र भारतीय रेलवे के सक्षम अधिकारियों को सौप दिया है। राष्ट्र की सेवा में रेलवे द्वारा मुझे दिए गए इस अवसर के लिए मैं भारतीय रेलवे परिवार की सदैव आभारी रहूंगी।

## जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य तो सेना हटना चाहिए : फारुख

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा है, कि जम्मू कश्मीर में स्थिति वापस सामान्य हो गई है तो हथियारों से लैस सेना को वहां से हटाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के बीच एक इंटरव्यू में पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा देश को धार्मिक आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है। फारूक अब्दुल्ला ने कांग्रेस के साथ गठबंधन को समय की मांग बताया। जब उनसे केंद्र के दावों के बारे में पूछा गया कि जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति वापस आ गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा,सड़कों पर हथियारों से लैस किसी सैनिक के बिना शांति होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले फारूक अब्दुल्ला ने पूर्ण राज्य का दर्जा

- देश को धार्मिक आधार पर बांटने का काम कर रही भाजपा



बहाल करने की वकालत की। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पर निशाना साधते हुए अब्दुल्ला ने कहा, मुझे पूर्ण राज्य का दर्जा चाहिए। हमें दिल्ली के अधीन क्यों रहना चाहिए? वह कुछ भी आदेश दे सकते हैं। वह कुछ भी बदल सकते हैं। जम्मू-कश्मीर पूर्व मुख्यमंत्री से पूछा गया कि क्या कांग्रेस के साथ गठबंधन से विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने में मदद मिलेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन कोई मजबूरी नहीं बल्कि जम्मू-कश्मीर के विकास और पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समय की जरूरत है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, भाजपा देश को धार्मिक आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, मुझे समस्या उन चीजों को लेकर है जो वे अब कर रहे हैं। जिस तरह से वे लोगों को धार्मिक आधार पर अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनावों में दो सीटों से चुनाव लड़ने के उमर अब्दुल्ला के फैसले पर उन्होंने कहा, हालात को बदलने के लिए हमें चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। यह एक तूफान में होने जैसा है। आप किनारे पर रहकर नाव नहीं चला सकते, आपको नाव पर रहना होगा और तूफान में उसे चलाना होगा। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, उन्होंने हमारा आकार छोटा कर दिया है। जब से भारत आजाद हुआ है, मुझे नहीं पता कि जम्मू-कश्मीर के अलावा किसी अन्य राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया हो।

### गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं।



राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, "गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि हर्ष और उल्लास से मनाया जाने वाला यह त्योहार सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। विद्या, ज्ञान और समृद्धि के दाता भगवान गणेश का यह पर्व हमें विनम्र और कर्तव्यनिष्ठ रहने की शिक्षा देता है। यह पर्व सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर देशवासियों से एकजुट होकर एक शांतिपूर्ण और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### भारत नैरेटिव से बाहर निकले और दोनों मुल्कों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए करे काम: यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद वहां अल्पसंख्यकों पर हिंसा के मामले बढ़ गए हैं। इस बीच देश की नई अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हिंसा की तुलना अफगानिस्तान से करने पर प्रतिक्रिया दी है।यूनुस ने उन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भारत को अपने इस नैरेटिव से बाहर निकलना पड़ेगा और दोनों मुल्कों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सुधार की दिशा में काम करना होगा। बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले सांप्रदायिक से ज्यादा राजनीतिक है। उन्होंने कहा कि ये हमले राजनीतिक हैं ना कि सांप्रदायिक। भारत व्यापक स्तर पर इन घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रहा है। हमने ये नहीं कहा कि हम इस पर कुछ नहीं कर सकते। हमने कहा है कि हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से पूर्व पीएम शेख हसीना भारत में हैं। इस बीच शेख हसीना को लेकर मोहम्मद यूनुस ने कहा कि शेख हसीना भारत में बैठकर बांग्लादेश को लेकर राजनीतिक बयानबाजी कर रही हैं, जो सही नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीके का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं : राजीव

**पटना /दिल्ली, एजेंसी।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि बिहार में जन सुराज अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर का कोई भविष्य नहीं है. उनकी हरकतें बचकानी है. केसी त्यागी के स्थान पर बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किए जाने के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि एनडीए में मतभेदों को लेकर भले ही तमाम तरह की अटकलें लगायी जाये, लेकिन विकसित भारत और विकसित बिहार के संकल्प के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अत्यंत विश्वसनीय और सुदृढ़ गठबंधन है. श्री प्रसाद ने कहा कि हमारा गठबंधन देश और बिहार के हित में है. विकसित बिहार की उम्मीद नीतीश कुमार की अगुवाई में ही संभव है. इस बार के बजट में जो प्रावधान हैं, उनसे इस उम्मीद को ताकत मिली है. उन्होंने कहा कि विभिन्न मुद्दों पर राजग के घटक दलों में छोटी-मोटी असहमतियां स्वाभाविक हैं, लेकिन यह टकराव का कारण नहीं बनेंगी और मिल-बैठकर इनका भी समाधान निकाल लिया जायेगा. श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन अत्यंत विश्वसनीय और सुदृढ़ है. प्रशांत किशोर के बिहार के संदर्भ में किये जा रहे दावों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ की जा रही उनकी टिप्पणियों पर श्री प्रसाद ने उनपर तंज कसते हुए कहा कि कोशिश हर व्यक्ति को करनी चाहिए. वह भी कर रहे हैं. लेकिन, अभी तक वह चुनावी रणनीतिकार की भूमिका में रहे हैं. श्री प्रसाद ने कहा कि झारखंड का आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा और जदयू मिलकर लड़ेंगे और इस बारे में सैद्धांतिक तौर पर सहमति बन गयी है.

### 1.5 लाख और शिक्षकों की होगी नियुक्ति : मंत्री

**पटना , एजेंसी।** शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार डेढ़ लाख और शिक्षकों की नियुक्ति करेगी. टीआरइ थ्री का रिजल्ट जल्दी जारी करने के लिए शिक्षा विभाग ने बीपीएससी से आग्रह किया है. शिक्षा मंत्री ने यह बातें एसकेएम हॉल के बाहर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान गुरुवार को कही . शिक्षा मंत्री ने अतिथि शिक्षकों के बारे में पूछे गये सवाल के उत्तर में कहा कि उन्हें परीक्षा देकर ही सिलेक्ट होना होगा. उन्हें अनुभव का वेटेज दिया जाता है. स्कूल की टाइमिंग के बारे में उन्होंने दो टूक कहा कि इसमें राइट टू एजुकेशन के नियम का ध्यान रखा जा रहा है. डोमिसाइल पॉलिसी के संदर्भ में कहा कि नियुक्त शिक्षकों में अधिकतर बिहार के हैं. उन्होंने संकेत दिये कि सरकार अभी अपनी पॉलिसी पर कायम है. विधान परिषद में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षदों के साथ हाल ही में हुई बैठक के संदर्भ में उन्होंने कहा कि वित्तरहित सहित कई मुद्दों पर बातचीत की गयी है. उन्होंने अपनी कई समस्याएं रखीं हैं . हम उनका समाधान करेंगे. वित्तरहित कॉलेजों के लिए दो साल की राशि रिलीज कर रहे हैं. एक सवाल के जवाब में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बिहार की उपलब्धियां शानदार रही हैं. वर्ष 2001 में राज्य की महिला साक्षरता 34 प्रतिशत थी. यह दर 75 प्रतिशत हो गयी है. उस दरम्यान ड्राप आउट 12 प्रतिशत था. अब एक प्रतिशत से कम है. राज्य में शिक्षकों की संख्या वर्ष 2001-02 में डेढ़ लाख थी. अब 5.77 लाख हो चुकी है.

### अधिकारी जनता की तकलीफों को दूर करें : दिलीप जायसवाल

**पटना , एजेंसी।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों का आह्वान किया है कि वो आम जनता की तकलीफों का विशेष ध्यान रखें और उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करें. अपने काम के लिए अंचल आये लोगों के साथ मर्यादित तरीके से व्यवहार करें. गुरुवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने मासिक प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर दो अंचल अधिकारियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया. मासिक रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फुल्लीडुमर अंचल के अंचल अधिकारी मनोज कुमार एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करनेवाली अमरपुर की अंचल अधिकारी कुमारी रजनी को सम्मानित किया गया. बैठक में मौजूद बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि भूमि विवादों के समाधान के लिए थाना स्तर पर थानाप्रभारियों एवं अंचल अधिकारियों की हो रही संयुक्त बैठकों को और प्रभावी बनाया जायेगा. कई अंचल अधिकारियों ने मुख्य सचिव को बताया कि इन साप्ताहिक बैठकों में संबंधित थाना प्रभारी अनुपस्थित रहते हैं. इसे मुख्य सचिव द्वारा गंभीरता से लिया गया.

# डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण रनवे की लंबाई 4000 फीट बढ़ेगी

## 12 हजार फीट होते ही अंतरराष्ट्रीय विमानों का ऑपरेशन शुरू होगा



**पटना, एजेंसी।** बिहटा एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 4000 फीट बढ़ाई जाएगी। इसके लिए 190.50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है। अभी रनवे की लंबाई 8000 फीट है, जिसे 4000 फीट बढ़ाकर 12000 फीट करना है। सभी मौसम में एयरबस 120, बोइंग 737 और अंतरराष्ट्रीय विमानों के ऑपरेशन के लिए रनवे की लंबाई 12000 फीट होनी चाहिए। रनवे की लंबाई बढ़ाने के लिए 400 मीटर लंबी और 1500 मीटर चौड़ी भूमि की आवश्यकता है। इस कारण 190.50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करना है, जिसकी प्रक्रिया जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई है। मनेर एनएच का वैकल्पिक मार्ग तलाशने में भी जुटा प्रशासन : गुरुवार को डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा ने स्थल निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि एयरपोर्ट की वर्तमान जमीन के पूरब और पश्चिम निरीक्षण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आमलोगों से बातचीत की गई है। शुक्रवार को भी जिला स्तरीय टीम स्थल निरीक्षण करेगी। इस टीम को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। इसी रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि एयरपोर्ट के किस छोर पर कितनी जमीन का अधिग्रहण करना है। इस मौके पर दानापुर के एसडीओ, एसडीपीओ, बिहटा के सीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### रन-वे 12 हजार फीट होने से ये फायदे

1. एयरबस 120 और बोइंग 737 विमानों का ऑपरेशन होगा।
2. अंतरराष्ट्रीय विमान का भी ऑपरेशन शुरू हो जाएगा।
3. 350 मीटर की विजिबिलिटी में भी फ्लाइट की लैंडिंग और टेकऑफ होगा।
4. अभी रनवे की लंबाई 8000 फीट है। क्षमता 25 लाख है।
5. रनवे 12 हजार फीट होने से क्षमता 80 लाख की हो जाएगी।

पटना एयरपोर्ट का रनवे अभी 6800 फीट, इसलिए बिहटा में नया बनाने की जरूरत

पटना का रनवे और बढ़ नहीं सकता है। ऐसा इसलिए कि आगे की ओर रोड और आबादी है।

एयरबस 120 और बोइंग 737 इंटरनेशनल विमानों के ऑपरेशन नहीं होता है।

180 सीटों के ही विमानों का ऑपरेशन होता है।

विजिबिलिटी कम से कम 1000 मीटर चाहिए लैंडिंग-टेकऑफ के लिए।

अभी क्षमता 30 लाख है।

### प्रस्तावित रन-वे की पूरब तरफ एक तो पश्चिम में तीन गांव व एनएच चुनौती

एयरपोर्ट के प्रस्तावित रनवे के पूरब शर्फुद्दीन गांव है। इस गांव के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर संभावनाओं को देखा गया है। पूर्वी छोर पर 90 पक्के और 40 कच्चे मकानों के साथ कुछ अन्य संरचनाएं भी हैं। गैस पाइपलाइन भी एलाइनमेंट में आ रही है। इस गांव के पश्चिमी छोर पर घरों की संख्या कम है, जिनकी गणना की जाएगी। एयरपोर्ट के प्रस्तावित रनवे के पश्चिम तीन गांव कोरहर, गोखुलपुर और मठिया हैं, जिनमें 200 से अधिक पक्के मकान बने हैं। बिहटा-मनेर एनएच भी इसी तरफ है। इन गांवों को शिफ्ट करने के बिहटा-मनेर एनएच को शिफ्ट करना होगा।

### टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू

बिहटा एयरपोर्ट के लिए 108 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। 8 एकड़ अतिरिक्त जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है। टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य समय से शुरू होगा। इसके लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएम ने कहा कि 191 एकड़ जमीन खोजने की प्रक्रिया के कारण टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं आएगी। दोनों समानांतर रूप से चलता रहेगा।

# बेगूसराय में सड़क पर घूम रहा खूंखार कुत्ता; दो पुलिसकर्मी सहित 45 को बना चुका शिकार



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम आवारा कुत्तों को पकड़ने में निष्क्रिय बना हुआ है, जिससे बेगूसराय के लोगो में ना सिर्फ नाराजगी है बल्कि डर का भी माहौल बना हुआ है। बेगूसराय में बृहस्पतिवार को लगभग चालीस से पैतालीस लोगों को आवारा कुत्तों ने अपना निशाना बनाया है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से कुत्ते के काटने से बेगूसराय सदर अस्पताल में दो पुलिस कर्मी सहित कुल 25 लोगों का इलाज किया गया है।

### मेयर के उदासीन रवैये से हैं लोग परेशान

कुछ मरीजों का कहना है कि कई आवारा कुत्ते इतने खतरनाक होते है कि वह जहां काटते हैं, वहां से शरीर का मांस नोच लेते हैं। इतना ही नहीं, कुत्ते इतना शातिर होते हैं कि वह अनायास ही शरीर के विभिन्न हिस्सों को अपना निशाना बना लेते हैं। फिलहाल बेगूसराय की गलियों में खतरनाक कुत्तों से लोग सहमे हुए हैं और बेगूसराय मेयर को कोस रहे हैं। उनका कहना है कि नगर निगम मेयर को इनसब समस्याओं से कोई मतलब नहीं है।

### एक दिन में दो पुलिसकर्मी सहित 25 लोग बने आवारे कुत्तों के शिकार

बृहस्पतिवार को सुबह से कुत्ता काटने के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ने लगी। शाम होते-होते यह संख्या अप्रत्याशित हो गई। इस संबंध में अस्पताल के डॉक्टर चंदन कुमार चौधरी ने बताया कि बेगूसराय में बृहस्पतिवार को कुल 25 कुत्ता काटने के मरीज का इलाज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बरसात के मौसम में सड़क किनारे सड़ी गली चीज या इनफेक्टेड चीज खाने से कुत्तों की ऐसी हालत होती है, जिस वजह से वह लोगों को काटने लगते हैं। हालांकि इससे बचाव के लिए बेगूसराय अस्पताल में रैबीज की दवा मौजूद है। वही कुत्ता काटने के बाद सदर अस्पताल पहुंचे मरीज परेशान और डरे सहमे नजर आए। अधिकतर मरीजों का कहना था कि वह अपने काम या घरेलू सामान की खरीद बिक्री के लिए घर से बाहर निकले थे तभी अनायास कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बाइपास पर हुई लूट मामले में फरार पांचवां अभियुक्त गिरफ्तार

**बांका , एजेंसी।** औद्योगिक प्रक्षेत्र (जीरोमाइल) थाना क्षेत्र स्थित बाइपास पर एक माह पूर्व 4 अगस्त को बाइकसवार से हुई लूट के मामले में पुलिस ने फरार पांचवें अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया. बुधवार देर रात हुई गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. मामले की जानकारी देने के लिए भागलपुर पुलिस की ओर से इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी. इसमें बताया गया कि मामले में पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजे गये चार आरोपितों के बाद पुलिस को कांड में शामिल पांचवें अभियुक्त और लूटे गये मोबाइल की तलाश थी. पुलिस ने मामले में जांच जारी रखी और थाना क्षेत्र के ही गोपालपुर के रहने वाले विश्वजीत कुमार के पास से लूटी गयी मोबाइल की बरामदगी की गयी. गहन पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार भी की है. बांका जिला के पंजवारा निवासी शंभू नाथ दास की बाइक जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर से बुधवार दिन में चोरी हो गयी. इस संबंध में उन्होंने जोगसर थाना में केस दर्ज कराया है. मुंदीचक के एनसी चटर्जी रोड निवासी दीनानाथ तिवारी की बाइक जिला व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर 3 के बाहर से 30 अगस्त को चोरी हुई थी. वहीं सकरुल्लाचक निवासी अयाज खान की बाइक 3 सितंबर को तिलकामांझी हटिया रोड से चोरी हो गयी थी. दोनों ही मामलों में तिलकामांझी थाना में केस दर्ज कराया गया है.

**शादी नीयत से बेटी को अगवा करने का आरोप :** मुंदीचक इलाके के रहने वाले एक पिता ने अपनी बालिग पुत्री के अपहरण का केस दर्ज कराया है. दिये गये आवेदन में उन्होंने भीखनपुर निवासी मोहित कुमार दास नामक युवक को नामजद आरोपित बनाया है. उसके विरुद्ध उनकी बेटी को शादी की नीयत से अगवा करने का केस दर्ज कराया है. उन्होंने बताया कि विगत 27 अगस्त से ही उनकी बेटी लापता है. 21 सूत्री मांगों को लेकर होमगार्ड जवानों की हुई बैठक बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ ( होमगार्ड) के जिला शाखा की बैठक गुरुवार को सैंडिस कंपाउंड में आयोजित की गयी. इसमें समान काम के समान वेतन सहित होमगार्ड जवानों की 21 सूत्री मांगों को लेकर चलाये जा रहे आंदोलन पर विस्तृत चर्चा की गयी.

## बिहार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को फिर मिलेगा नया स्मार्टफोन, जल्द टेंडर होगा जारी

**पटना , एजेंसी।** बिहार राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को जल्द ही नया मोबाइल मिलेगा. समाज कल्याण विभाग इसको लेकर जल्द ही टेंडर जारी करने वाला है. विभागीय सूत्रों के मुताबिक वित्त विभाग की मंजूरी के बाद जल्द ही नए मोबाइल खरीद और बांटे जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. विभाग के अनूसार सरकार ने सभी सेविकाओं को 2019 में स्मार्ट फोन दिया गया था, ताकि सेविका पोषण ट्रैकर पर केंद्र के कामकाज का पूरा ब्योरा हर दिन अपलोड कर सकें. जानकारी के मुताबिक हाल के दिनों में गया, पूर्णिया, अररिया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर सहित लगभग सभी जिलों में सेविका मोबाइल लौटाने के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पास स्मार्ट फोन जमा करने पहुंच रही हैं. पर इनका मोबाइल जमा नहीं लिया जा रहा है. पूर्णिया जिला में लगभग 3500 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र हैं. जब यहां की सेविका जब बारी- बारी से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पास मोबाइल जमा करने पहुंची, तो वहां उन्हें यह कहकर मना कर दिया गया कि विभाग की ओर से इस संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है. इसको लेकर पूर्णिया बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने आइसीडीएस को पत्र भेजा है, जिसमें कहा है कि पांच वर्ष बीत जाने के बाद सभी मोबाइल की स्थिति खराब है. ऐसी स्थिति में सभी जिलों से ऑनलाइन रिपोर्ट भेजना मुश्किल है.

## कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक:पेंडिंग केस कम करने के निर्देश

### गश्ती वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाना अनिवार्य

**पटना, एजेंसी।** बिहार के नए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा पदभार संभालते ही एक्शन में आ गए हैं। गुरुवार को उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था पर बैठक की। इस दौरान उन्होंने पेंडिंग मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

### बैठक में डीजीपी समेत कई अधिकारी मौजूद

मुख्य सचिव की इस बैठक में राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त,आईजी, डीआईजी, डीएम, एसएसपी, एसपी के साथ लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े तमाम अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा डीजीपी, गृह विभाग के प्रधान सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के सचिव और अपर पुलिस महानिदेशक भी मौजूद थे।

### 2 लाख 67 हजार एफआईआर पेंडिंग

मुख्य सचिव ने अनुसंधान के लिए लंबित लगभग 2 लाख 67 हजार मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने डीजीपी से कहा है कि अगले 6 माह के अंदर लंबित मामलों की संख्या एक लाख तक की जाए। राज्य में पहले करीब आठ हजार अनुसंधानकर्ता अधिकारी थे। जिसे पिछले डेढ़ वर्ष में सरकार ने बढ़ाकर लगभग 23 हजार कर दिए हैं।



**एसएसपी और एसपी को भी निर्देश दिया :** मुख्य सचिव ने नन बेलेबल वारंट पर तेजी से काम करने को कहा है। बिहार में विभिन्न थानों में कुल लंबित लगभग 86,000 वारंट हैं। जिसे तेजी से निपटाने का आदेश दिए हैं। स्पीडी ट्रायल की समीक्षा करते हुए इसमें और तेजी लाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा एसएसपी और एसपी से भूमि विवाद पर रोक लगाने को कहा गया है। निर्देश दिया गया है कि भूमि विवाद को प्रभावी रूप से निपटाने के लिए हर शनिवार थाना स्तर पर शिविर लगाया जाए, क्योंकि अब तक इन शिविरों के माध्यम से लगभग 40 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा चुका है।

**गश्ती वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाना अनिवार्य :** बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि थानों के गश्ती वाहनों और डायल 112 वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगाना अनिवार्य किया जाए। ताकि जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष से इन वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जा सके। जहां थाना भवन बनाने के लिए जमीन नहीं है, वहां डीएम को दो माह के भीतर जमीन उपलब्ध कराने को कहा गया है।

## तैयार किया जा रहा है विस्तृत प्लान:भागलपुर और सुल्तानगंज स्टेशन में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर सहित सुल्तानगंज स्टेशन में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए सोलर पावर प्लांट लगाए जाएंगे। साथ ही बांका, हंसडीहा, सबौर, एकचारी व घोघा सहित 10 स्टेशनों में सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए सर्वे किया जाएगा। सोलर पावर प्लांट से स्टेशन में यात्री प्रतीक्षालय, कॉनकोर्स एरिया में भी बिजली पहुंचाई जाएगी। प्लेटफार्म में लगे बिजली के उपकरणों को भी सोलर एनर्जी से चलाया जाएगा। रेलवे भागलपुर स्टेशन में 500 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट लगाएगा। इसके लिए विस्तृत प्लान तैयार किया जा रहा है। सुल्तानगंज स्टेशन में भी 100 किलोवाट का छोटा सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा। रेलवे ये काम ग्रीन एनर्जी और सेव एनर्जी को देखते हुए करा रहा है। अभी भागलपुर में 650 किलोवाट बिजली की खपत होती है। जिससे हर माह करीब 16 से 17 लाख बिजली का बिल जमा किया जाता है। ये सोलर पावर प्लांट आन ग्रिड की तर्ज पर लगाया जाएगा। स्टेशन पर यात्रियों की बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए सोलर प्लांट से सप्लाई होगी। इसी के साथ कई विभागों और कार्यालयों में बिजली की सप्लाई इसी से होगी। अभी भागलपुर और सुल्तानगंज स्टेशन में छोटा सा सोलर पैनल लगा है। जहां से सिग्नल विभाग को बिजली सप्लाई की जाती है। नये प्लांट से स्टेशन की बिजली की खपत को कम किया जा सकेगा। भागलपुर स्टेशन में स्टेशन बिल्डिंग, रनिंग रूम, कोचिंग कार्यालय, वाटर प्लांट, डब्ल्यूपीओ का इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन, प्रशासनिक भवन, पावर हाउस कार्यालय, डीजल जनरेटर कक्ष, नया प्रशासनिक भवन, रेलवे अस्पताल व हेल्थ यूनिट, कंस्ट्रक्शन रेस्ट हाउस, एएसटीई कार्यालय, सहायक अभियंता कार्यालय, सीनियर सेक्शन इंजीनियर वर्क्स कार्यालय, आरपीएफ बैरक, एस एंड टी कार्यालय, 33केवी सब स्टेशन में सोलर प्लांट से पैदा होने वाली बिजली की सप्लाई की जाएगी। दूसरी ओर सुल्तानगंज स्टेशन में असंबेली ब्लाक, आरपीएफ बैरक व स्टेशन बिल्डिंग में सोलर पावर की स्थापना की जाएगी।इन स्टेशनों पर भी लगेंगे प्लांट पौड़ेयाहाट, हंसडीहा, बांका, बरियारपुर, सबौर, एकचारी, घोघा, टेकानी, बाराहाट व गोड्डा में भी सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा।

## दहेज के लिए एसकेएमसीएच के नर्सिंग ट्यूटर को दारोगा पति ने बेरहमी से पीटा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसकेएमसीएच में पोस्टेड नर्सिंग ट्यूटर स्वीटी को उसके दारोगा पति चंदन कुमार व ससुरालवालों ने बेरहमी से पिटाई कर दी है. दहेज में 20 लाख नकदी, कार व सैलरी नहीं देने उनके साथ यह मारपीट की गयी है. मामले को लेकर स्वीटी कुमारी ने महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. इसमें नालंदा जिले के चंडी थाना के गोनकुरा निवासी दारोगा पति चंदन कुमार समेत सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया है. थाने में दर्ज प्राथमिकी में स्वीटी ने बताया है कि उसका मायका अहियापुर थाना के उमा नगर डॉक्टर्स कॉलोनी में है. वह एसकेएमसीएच में नर्सिंग ट्यूटर के पद पर कार्यरत है. उसकी शादी 22 जून 2023 को पटना के एक विवाह भवन से संपन्न हुई थी. शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब 25 लाख रुपये खर्च किये थे. वहीं, शादी से पहले उसके ससुर ने पिता से नौ लाख रुपये लिये जो अभी तक नहीं लौटाये हैं. शादी करके जब वह ससुराल आयी तो सारा आभूषण उसकी सासु अपने पास रख ली. इसके बाद दहेज में 20 लाख रुपये व कार की मांग को लेकर उसको प्रताड़ित किया जाने लगा. ससुराल वाले उससे सैलरी का भी डिमांड करते हैं. रुपये नहीं देने पर उसको जानवरों की तरह मारा - पीटा जा रहा था. 17 जुलाई की रात्रि उसको सभी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा. गर्दन में दुपट्टा फंसा कर पीटने से वह बेहोश हो गयी. देर रात जब होश में आयी तो अपने मायकेवालों को सूचना दिया. तब चणडी थाने की पुलिस पहुंची और उसकी जान बचायी.

## संक्षिप्त समाचार

### CBSE छात्रों को नहीं मिलेगी माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी

**पटना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) अब 10वीं और 12वीं दोनों क्लास के लिए माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी जारी नहीं करेगी। इसके बदले अब स्टूडेंट्स को डिजिलॉकर पर माइग्रेशन सर्टिफिकेट सहित अपने डिजिटल शैक्षणिक डाक्यूमेंट्स मिलेंगे। 2025 की बोर्ड परीक्षा के बाद से CBSE इसे जारी करना बंद कर देगी। यूनिवर्सिटी ग्रैंट कमीशन (UGC) ने पहले ही सभी संस्थानों को एक पत्र जारी करते हुए कहा था कि उच्च शिक्षा संस्थानों में एडमिशन के लिए बोर्ड की ओर से जारी सर्टिफिकेट की डिजिटल कॉपी स्वीकार की जाएंगी। ऐसे में CBSE ने निर्णय लिया है कि 2025 के बोर्ड परीक्षा के बाद स 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी जारी नहीं की जाएगी। ट्रांजिशन पीरियड के दौरान, अगर किसी भी छात्र को हार्ड कॉपी की जरूरत होगी, तो वह सीबीएसई से इसके लिए रिक्वेस्ट कर सकते हैं। इसके लिए छात्रों को डुप्लिकेट एकेडमिक डॉक्यूमेंट सिस्टम https://cbseit.in/cbse/web/dads/home.aspx पर जाकर डिटेल डालना होगा। छात्रों के रिक्वेस्ट के अनुसार उन्हें माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।



### दानापुर में गणेशोत्सव की तैयारी पूरी, लालू यादव करेंगे शुभारंभ, 1990 से लगातार हो रहा है आयोजन

**पटना।** पटना के दानापुर में महाराष्ट्र की तर्ज पर 1990 से पेठिया-हड़िया बाजार में राइजिंग क्लब व्यापार संघ की ओर से होने वाले गणेशोत्सव को लेकर तैयारी की जा रही है। 7 सितंबर से शुरू हो रही गणपति पूजा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। 7 सितंबर को विधिवत पूजा-अर्चना के दौरान राजद सुप्रीमो लालू यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मूर्तिकार भगवान शंकर, पार्वती समेत गणेश सहित पूरे परिवार के प्रतिमा को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। इस बार 11 फीट की विघ्न विनाशक गणपति की प्रतिमा बनाई जा रही है। मूर्तिकार मनीष कुमार पंडित ने बताया कि इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ ऋद्धि-सिद्धि , शुभ-लाभ के साथ भगवान शंकर-पार्वती, शंकर भगवान के जटा से गंगा मईया प्रकट होते और राधा-कृष्णा के दर्शन श्रद्धालु कर सकेंगे। संघ के संयोजक ओम प्रकाश यादव उर्फ चिन्ना लाल ने बताया कि 1990 से क्लब द्वारा पेठिया बाजार हडिया बाजार में गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गणपति महोत्सव का 7 सिंतबर को शाम में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पूजा-अर्चना कर शुभारंभ करेंगे। इसको लेकर सारी तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बारे गणपति की 11 फीट की प्रतिमा के साथ भगवान शंकर-पार्वती, ऋद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ और राधा-कृष्णा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। चिन्ना लाल ने बताया कि महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पंडाल और पंडाल के बाहर सीसीटीवी लगाया गया है। क्लब के महासचिव रंजन कुमार यादव ने बताया कि गणपति उत्सव को लेकर सारी तैयारी की जारही है। भव्य पंडाल के साथ आकर्षक विद्युत सजावट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 7 सिंतबर को गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश जी के पूजा अर्चना के बाद पट खोल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 18 सिंतबर को गाजे-बाजे के साथ गणपति का विसर्जन जुलूस नगर में निकाला जायेगा और 20 सिंतबर को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओ की सुरक्षा के लिए हमने दानापुर थाने के साथ ही उच्च अधिकारियों को भी पत्र लिखा है। इनके साथ हमारे पूजा समिति के मेंबर भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात रहेंगे।



### सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए सुहागिनें आज कर रही हरितालिका तीज

**पटना।** अखंड सुहाग की कामना से सुहागिन महिलाएं आज हरितालिका तीज का व्रत कर रही हैं। इस दिन हस्त नक्षत्र और चित्रा नक्षत्र का युग्म संयोग और शुक्ल योग बन रहा है। सुहागिनें आज पति की लंबी आयु, सुखी दाम्पत्य जीवन और सुख-समृद्धि की कामना से निराहार व निर्जला व्रत रखी हैं। इस दिन मिट्टी से भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा बनाकर उसे वेदोक्त मंत्रों से विधिवत पूजा-अर्चना होगी और पौराणिक कथाएं सुनी जाएंगी। आचार्य राकेश झा ने बताया कि शुक्रवार को तृतीया तिथि दोपहर 12:18 बजे तक है, लेकिन सूर्योदय तृतीया तिथि में होने से उदयातिथि के मान से आज 6 सिंतबर को पूरे दिन तीज की पूजा होगी। तीज के दिन तृतीया और चतुर्थी तिथि के युग्म संयोग होने से इस दिन अतिशुभकारी गौरी-गणेशयोग और मातृपुत्रयोग बन रहा है। इस दिन महिलाएं सुबह से लेकर रात तक कभी भी पूजा कर सकती है। पंडित जी के अनुसार भाद्रपद शुक्ल तृतीया को उदयगामिनी तिथि, हस्त नक्षत्र, शुक्ल योग, गर करण, अमृत योग के साथ रवियोग के सुयोग में हरितालिका तीज का व्रत मनाया जाएगा। हरितालिका तीज व्रत की परंपरा त्रेता युग से चली आ रही है। माता पार्वती ने पहली बार शिव शंकर की बालुकामयी प्रतिमा बनाकर पूजा की थी। पार्थिव की प्रतिमा बनाकर गंगाजल, अक्षत, चंदन, बेलपत्र, ऋतुफल व पकवान आदि से पूजा करना कल्याणकारी रहेगा। ज्योतिषी राकेश झा ने लिंग पुराण के हवाले से बताया कि माता पार्वती ने वन में जाकर भोलेनाथ को अपने पति के रूप में पाने के लिए अन्न तथा जल ग्रहण किए बिना सालों तक तप करती रही। तब शिव ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। महिलाएं इस व्रत को तपस्या और निष्ठा के साथ करेंगी तो सात जन्मों तक शिव स्वरूप में उनके वही पति मिलेंगे।



### महिला ने साड़ी के फंदे से झूलकर की आत्महत्या, घर में अकेले रहती थी

**पटना।** पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र के नून की चौराहा मोहल्ले में गुरुवार की देर रात एक महिला यशोदा देवी (60) ने अपने घर में साड़ी के पल्लू से झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की जानकारी देते हुए खाजेकला थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटा और दो बेटी बाहर रहते हैं। महिला अपने घर में अकेली रहती थी। महिला के भतीजे ने बताया कि चाची घर में अकेली रहती थी। उनके दो बेटे दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। अकेले रहने के कारण वह बराबर पटना से बाहर अपने बच्चों के पास आना-जाना करती थी। परिवार के लोगों ने बताया कि बुधवार को वह दिल्ली से पटना लौटी थी और घर में अकेली थी। गुरुवार की देर रात जब उनके घर का कोई भी लाइट जलता नहीं दिखा तो बगल के वह कमरे में पहुंचा। उसने लाइट जलाया तो देखा कि यशोदा देवी अपने कमरे में साड़ी के पल्लू से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने इसकी सूचना खाजेकला थाना की दी। सूचना मिलते ही खाजेकला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि कमरे से किसी तरह का नोट नहीं हुआ।

# सारण एसपी समेत 6 पुलिसकर्मियों को DGP ने किया सम्मानित

## ट्रिपल मर्डर केस में 14 दिन में फाइल की थी चार्जशीट, पिता-दो बेटियों की हुई थी हत्या

एजेंसी, पटना।

बिहार के सारण में ट्रिपल मर्डर केस के दोषियों को कोर्ट ने घटना के 46 दिन के अंदर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। रिकॉर्ड समय में केस सुलझाने के लिए डीजीपी आलोक कुमार ने सारण एसपी कुमार आशीष समेत 6 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। साथ ही नगद पुरस्कार भी दिया गया है। इसके अलावा बेहतर काम करने के लिए अवॉर्ड के लिए गृह मंत्रालय को भी प्रस्ताव भेजा जाएगा। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत यह देश का यह पहला केस है, जिसमें सजा का ऐलान किया गया है। पुलिस ने जांच कर सिर्फ 14 दिन में ही चार्जशीट फाइल कर दी थी।



**16 जुलाई को 3 लोगों की हुई थी हत्याः** सारण के रसूलपुर में 16 जुलाई की रात पत्नी के सामने पति और 2 बेटियों की हत्या कर दी गई थी। इस केस में छपरा कोर्ट ने 2 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत यह देश में पहला मामला है। पुरानी भारतीय दंड संहिता (IPC) की जगह भारतीय न्याय संहिता को देश भर में 1 जुलाई से लागू किया गया था। नए कानून के तहत 17 जुलाई को यह केस दर्ज किया गया था। घटना के 48वें दिन और सुनवाई के 22वें दिन ही कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। 5 सितंबर को कोर्ट इस केस में दोनों दोषियों रसूलपुर के रहने वाले सुधांशु कुमार उर्फ रौशन और अंकित कुमार को सजा सुना दी।

**छत पर सो रहे परिवार पर किया गया था हमलाः** घर की छत पर सो रहे परिवार पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। इस हमले में पिता और उनकी दो बेटियों की मौत हो गई थी। वहीं, मां किसी तरह जान बचाकर भाग गई, लेकिन उस पर भी अपराधियों ने हमला किया था। मां ने बताया था कि रौशन मेरी बेटी से रेप करने आया था। बेटी ने हल्ला किया तो सबको मालूम हुआ। जब उसका विरोध किए तो पहले हम चारों लोगों को पीटा। फिर चाकू निकाल कर सामने से वार कर दिया। दूसरा लड़का अंकित देख रहा था कि कोई छत से भागे नहीं। रौशन से मेरी बेटी बात करती थी, मैंने मना किया तो उसने बात करना छोड़ दिया। जिसके बाद वो बार-बार कह रहा था, मेरी नहीं हुई तो किसी का नहीं होने देंगे।

**14 दिन में चार्जशीट फाइल कीः** 17 जुलाई को तारकेश्वर सिंह उर्फ झाबर सिंह के मकान की छत पर घटना हुई थी। 3 लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बीएनएस की धारा - 103(1), 109(1), 329(4), 3(5) के तहत रसुलपुर थाना में केस नंबर-133/24 दर्ज किया गया था। दोनों ही आरोपियों को अरेस्ट कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। पुलिस ने जांच कर 14 दिन में ही चार्जशीट फाइल कर दी थी।

# पटना में दो पक्षों के बीच झड़प, महिला की मौत

एजेंसी, पटना।



पटना के धनरूआ थाना क्षेत्र के छोटकी मठिया पर गांव में नाली विवाद को लेकर दो गुटों के बीच गुरुवार को जमकर पथराव हुआ। इस घटना में गांव की एक महिला देव कुमार देवी (65) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनका बेटा छोटन प्रसाद (40) बुरी तरह घायल हो गया। सूचना मिलते ही धनरूआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाद एक गुट के चंदन प्रसाद मौके से फरार बताया जा रहा है। घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 2 कन्हैया सिंह ने बताया कि एक महिला की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद दो महिला को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। मामला पानी गिरने को लेकर विवाद की बात बताई जा रही है।

**नाली में पानी गिरने को लेकर हुआ विवादः** घटना के बारे में बताया जा रहा है कि छोटकी मठिया पर गांव में चंदन प्रसाद और उनके पड़ोसी छोटन प्रसाद के बीच नाली में पानी गिरने को लेकर विवाद शुरू हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि

> ♦ धनरूआ में नाली में पानी गिराने को लेकर हुआ विवाद, युवक घायल, आरोपी पक्ष फरार

दोनों तरफ से जमकर पथराव हुई। छोटन प्रसाद ने आरोप लगाते हुए बताया कि चंदन प्रसाद के द्वारा गांव में गुंडो को बुलाकर फायरिंग की गई। हालांकि पुलिस ने गोली चलाए जाने की घटना की पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा कि इस बीच जमकर पथराव हुआ।

घटना के बाद चंदन प्रसाद गांव छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही धनरूआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और फरार चंदन प्रसाद एवं उनके साथियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

# पटना में इलाज में लापरवाही पर हंगामा

एजेंसी, पटना।

पटना में महिला की इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों और निजी अस्पताल के कर्मियों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना पर ASP स्वीटी सेहरावत समेत तीन थानों की पुलिस पहुंची तब जाकर मामला शांत हुआ। पूरा मामला चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र का है, जहां गया निवासी न्यूरो की बीमारी से पीड़ित महिला को परिजनों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। मरीज और परिजन सुबह से ही डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे। अस्पताल प्रबंधन लगातार डॉक्टर के आने को लेकर टाल-मटोल कर रहे थे। इसके बाद मरीज के परिजन आक्रोशित हो गए। इस बीच अस्पताल के कर्मियों और परिजनों के बीच मारपीट हुई।



> अस्पताल प्रबंधन और मरीजों के बीच हुई मारपीट, दोनों पक्ष ने दर्ज करवाया मामला

**दोनों पक्षों ने दर्ज करवाया मामलाः** ASP स्वीटी सेहरावत ने इस मामले में कहा कि दोनों पक्षों की ओर से लिखित शिकायत मिली है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद परिजन अपने मरीज को दूसरे जगह ले गए हैं।

# भारी मात्रा में ब्रांडेड प्रोडक्ट का नकली सामान बरामद, पटना पुलिस ने गोदाम में की छापेमारी

एजेंसी, पटना।

बख्तियारपुर क्षेत्र के दिदौर इलाके में पूजा इंटरप्राइजेज के नाम पर जाली फॉर्म का भंडाफोड़ हुआ है। यहां कंपनी के नाम पर डुप्लीकेट सामान आटा चोकर अन्य ब्रांडेड कंपनी के माल पकड़े गए हैं। पुलिस को जांच में पता चला है कि पूजा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर ने कृति आटा आर वी इंटरप्राइजेज के नाम से फार्म चलाया हुआ है, जो पटना सिटी के मालसलामी थाना अंतर्गत आता है। यह फैक्ट्री काफी पुरानी है और यहां से जो आटा निकाला जाता है, वह पूरे बिहार में सप्लाई किया जाता है।



**मौके से फॉर्म मालिक फरारः** कंपनी को शिकायत मिली थी कि उनके ब्रांड का कॉपी कर डुप्लीकेट आटा बाजार में बेचा जा रहा है। जब कंपनी के लोगों ने इसकी तहकीकात की, तो पता चला कि खुद की छपाई कर उसमें आटा भरकर बेचा जा रहा है, जिससे कंपनी को काफी नुकसान पहुंचा है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव कुमार ने बख्तियारपुर थाने को इसकी सूचना दी। थाना के अधिकारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छापेमारी की, जहां भारी मात्रा में डुप्लीकेट खाने-पीने की

> ♦ पूरे बिहार में होता था प्रोडक्ट का सप्लाई

समान में हेरा-फेरी की जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक युवक को पकड़ा। वहीं फॉर्म मालिक फरार हो चुका था। आर वी इंटरप्राइजेज के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव कुमार ने कहा कि लाखों के माल पड़े हैं और घर में ही यह लोग के द्वारा निर्माण किया जाता है। स्थानीय लोगों ने भी दबे जवान में कहा कि यहां बाहर से बड़ी कंपनियों की चोकर मंगाई जाती है और उसमें भूसी अन्य सामग्री मिलाकर यहां बोरे में पैकिंग कर बेचा जाता है। पुलिस इस मामले में तहकीकात कर रही है।

# आरक्षण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, हाईकोर्ट के आदेश को RJD ने दी थी चुनौती

एजेंसी, पटना।

## राजद ने कहा- मुख्यमंत्री ने चुप्पी साध ली है

आरक्षण से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने आरजेडी की याचिका पर संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। याचिका में पटना हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। बता दें कि बिहार में जातीय जनगणना के बाद आरक्षण के दायरे को नीतीश-तेजस्वी की सरकार ने बढ़ा कर 65 फीसदी किया था। इसपर पटना हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। इसके बाद आरजेडी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली आरजेडी की याचिका पर संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को अन्य समान याचिकाओं के साथ टैग किया है।



**RSS की गोद में बैठे हैं CM : राजदः** वहीं राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि राजद ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। राजद दलित, पिछड़ों, शोषितों और आदिवासियों की हक की लड़ाई सड़क, सछन और न्यायालय तक लड़ती है। यह बात सभी को पता है। राजद कभी इनकी हकमारी नहीं होने देगी। RSS की गोद में बैठकर 43 सीट वाले मुख्यमंत्री जी भाजपा की पीठ सहला रहे हैं। उन्हें लाड-प्यार कर रहे हैं, लेकिन आरक्षण के मसले पर चुप्पी साध ली है। तेजस्वी आरक्षण बचाने और जातीय सर्वे कराने का नाम है। तेजस्वी का मतलब रोजगार और उन्नति होता है। वहीं राजद के याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है।

# पटना में ट्रक ने सिक्योरिटी गार्ड को कुचला, मौत

एजेंसी, पटना।

पटना में गांधी सेतु पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने प्राइवेट कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड को टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया है।

**हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गयाः** बाइपास ट्रैफिक थाना के सहायक प्रभारी संजय कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि कंपनी की गाड़ी ने गार्ड को कुचला है। मृतक गंगा मांझी(38) छपरा का रहने वाला था। चालक की तलाश की जा रही है।



**कंपनी के किसी पदाधिकारी ने हाल तक नहीं जाना- परिजनः** परिजनों ने बताया कि गंगा मांझी निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। शुक्रवार को उसकी ड्यूटी महात्मा गांधी सेतु के नीचे गायघाट पिलर नंबर 6 के पास लगी थी। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कंपनी से कोई भी पदाधिकारी देखने तक नहीं आए। किसी ने हाल तक नहीं जाना।

# पटना में बारिश से दानापुर के कई इलाकों में जलजमाव

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर में गुरुवार की रात लगातार हुई झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली है। वहीं दानापुर नगर परिषद के स्वच्छ और सुंदर दानापुर के नारे की पोल खुल गई। छावनी परिषद क्षेत्र के पीपा पुल मार्ग, बस पडाव, पेठिया बाजार, सब्जी मंडी, तुरहा टोली और आनंद बाजार में जलजमाव से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। यही हाल नगर परिषद क्षेत्र के बीबीगंज रोड, गोला पर, गोला रोड, IAS कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, चित्रकूट नगर, पंचशील नगर, खरजां रोड, न्यू प्रगति नगर, अर्पण बैंक कॉलोनी, रंजन पथ, बेली रोड के डीपीएस मोड़ समेत अधिकांश वार्डों का है।

**अधिकारी बोले युद्ध स्तर पर काम जारीः** नगर परिषद कार्यालय के पीछे बसे चित्रकूट नगर की सडकों पर जलजमाव के कारण



स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। नगर परिषद क्षेत्र के कई मोहल्ले झील में तब्दील हो गए है। जलजमाव को लेकर चित्रकूट नगर वासियों ने बताया कि जिस वार्ड में नगर परिषद का कार्यालय है, वहीं स्थिति इतनी बदतर है, तो दूसरे वार्ड की क्या स्थिति होगी। परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि बारिश के बाद कई जगहों पर जलजमाव हुआ है। मोटर पंप से युद्ध स्तर पर जल निकासी की जा रही है।

# 12 हजार फीट लंबा होगा बिहटा एयरपोर्ट का रनवे

एजेंसी, पटना।

बिहटा एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 4 हजार फीट और बढ़ाई जाएगी। इसके लिए 190.50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है। अभी रनवे की लंबाई 8 हजार फीट है, जिसे 4 हजार फीट बढ़ाकर 12 हजार फीट करना है। सभी मौसम में एयरबस 120, बोइंग 737 और अंतरराष्ट्रीय विमानों के ऑपरेशन के लिए रनवे की लंबाई 12 हजार फीट होनी चाहिए। रनवे की लंबाई बढ़ाने के लिए 400 मीटर लंबी और 1500 मीटर चौड़ी भूमि की आवश्यकता है। इस कारण 190.50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करना है, जिसकी प्रक्रिया जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई है। एयरपोर्ट के प्रस्तावित रनवे के पूर्व में एक गांव तो पश्चिम में 3 गांव और नेशनल हाईवे पड़ रहा है। प्रशासन जमीन अधिग्रहण को लेकर हर पहलू पर विचार कर रही है।

**मनेर एनएच का वैकल्पिक मार्ग तलाशने में भी जुटा प्रशासनः** गुरुवार को डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा ने जमीन अधिग्रहण को लेकर निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि एयरपोर्ट की वर्तमान जमीन के पूरब और पश्चिम निरीक्षण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आमलोगों से बातचीत की गई है। शुक्रवार यानी आज भी जिला स्तरीय टीम



स्थल निरीक्षण करेगी। इस टीम को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। इसी रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि एयरपोर्ट के किस छोर पर कितनी जमीन का अधिग्रहण करना है। इस मौके पर दानापुर के एसडीओ, एसडीपीओ, बिहटा के सीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**पूरब तरफ एक तो पश्चिम में तीन गांव और एनएच चुनौतीः** एयरपोर्ट के प्रस्तावित रनवे के पूरब शर्फुद्दीन गांव है। इस गांव के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर संभावनाओं को देखा गया है।

> ♦ एयरबस, बोइंग, इंटरनेशनल फ्लाइट्स होंगे ऑपरेट, जमीन अधिग्रहण में पूर्व में एक, पश्चिम में 3 गांव चुनौती

पूर्वी छोर पर 90 पक्के और 40 कच्चे मकानों के साथ कुछ अन्य स्ट्रक्चर भी हैं। गैस पाइपलाइन भी एलाइनमेंट में आ रही है। इस गांव के पश्चिमी छोर पर घरों की संख्या कम है, जिनकी गिनती की जाएगी। एयरपोर्ट के प्रस्तावित रनवे के पश्चिम तीन गांव कोरहर, गोखुलपुर और मठिया हैं, जिनमें 200 से अधिक पक्के मकान बने हैं। बिहटा-मनेर एनएच भी इसी तरफ है। इन गांवों को शिफ्ट करने के बिहटा-मनेर एनएच को शिफ्ट करना होगा।

**डीएम बोले- टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण के लिए टेंडर अंडर प्रोसेसः** बिहटा एयरपोर्ट के लिए 108 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। 8 एकड़ अतिरिक्त जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है। टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य समय से शुरू होगा। इसके लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएम ने कहा कि 191 एकड़ जमीन खोजने की प्रक्रिया के कारण टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं आएगी। दोनों समानांतर रूप से चलता रहेगा।

# जाली भारतीय नोट एवं चोरी की मोटरसाईकिल सहित तीन तस्कर गिरफ्तार





**चाणक्य भूमि , मोतिहारी**

बंजरिया थानान्तर्गत शंकर ढ़ाबा के पास वाहन चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम इस्तिया के तरफ से तीन व्यक्ति एक लाल रंग के बिना नम्बर का होण्डा साईन मोटरसाईकिल पर सवार होकर भारतीय जाली नोट लेकर खड़वा पुल के तरफ आ रहे है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सहायक पुलिस अधीक्षक, सदर 01 शिखर चौधरी के नेतृत्व में बंजरिया थाना एवं जिला आसूचना इकाई. मोतिहारी द्वारा नाकाबंदी कर सघन वाहन चेकिंग के क्रम में मोटरसाईकिल पर सवार तीन व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस बल को देखकर मोटरसाईकिल को पीछे के तरफ घुमाकर भागने लगा। तभी मौजूद पुलिस बल द्वारा भाग रहे मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति को पीछा करते हुए खदेड़ कर खड़वा पुल के पास से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उक्त तीनों व्यक्ति मो० नजरे समशाद, मो० जाकिर हुसैन, मो० वारिस, के पास से कुल 1,95,000/- भारतीय जाली नोट एवं चोरी की मोटरसाईकिल बरामद किया गया। वही पुछताछ के क्रम में मो० नजरे समशाद ने बताया कि इसके पूर्व तीन बार नेपाल से दिल्ली होते हुए जम्मू कश्मीर तक जाली नोट का तस्करी किये है। इस संदर्भ में बंजरिया थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वही छापमारी टीम में शिखर चौधरी सहायक पुलिस अधीक्षक सदर 0, पु०अ०नि० इन्द्रजीत पासवान थानाध्यक्ष बंजरिया, पु०अ०नि० कामेश्वर सिंह बंजरिया, पु०अ०नि० संजय कुमार यादव बंजरिया, पु०अ०नि० अम्बेश कुमार जिला आसूचना इकाई, परि०पु०अ०नि० त्रिभुवन कुमार बंजरिया, परि०पु०अ०नि० किशन कुमार पासवान बंजरिया, स०अ०नि० भानु प्रताप दुबे जिला आसूचना इकाई, स०अ०नि० परमानंद ठाकुर जिला आसूचना इकाई, सिपाही लव कुमार शिव शंकर तथा अविनाश कुमार जिला आसूचना इकाई के टीम, सशस्त्र बल बंजरिया थाना मौजूद थे।

# सितंबर माह में पूर्ण कराएं प्रथम चरण का कार्य- जिलाधिकारी



**चाणक्य भूमि मोतिहारी**

जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य की समीक्षा की गई। यह कार्य जिला पंचायत राज कार्यालय के द्वारा राज्य स्तर पर चयनित एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है। पूर्वी चंपारण जिला के लिए कुल चार एजेंसी कार्य कर रही है। बैठक में उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण,जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं चारों कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट के प्रथम चरण में लॉर्ड मार्क्स एजेंसी को कुल 2960 सोलर लाइट लगाने का कार्यादेश निर्गत किया गया था जिसके विरुद्ध कंपनी के द्वारा अभी तक 1680(56.76%) लाइट लगाया गया है।दूसरी एजेंसी आईटीआई को 5410 लाइट लगाने का कार्यादेश निर्गत था जिसके विरुद्ध इस कंपनी के द्वारा 2788 (51.53%)सोलर लाइट लगाया गया है। तीसरी एजेंसी केएलके के द्वारा अभी तक 81.52 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं चौथी श्री राम सागर एजेंसी के द्वारा अभी तक मात्र 50% कार्य पूर्ण किए गए हैं।जिलाधिकारी के द्वारा सभी चारों एजेंसियों को मैनपॉवर बढाकर सितंबर माह के अंत तक प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर देने एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी को प्रतिदिन एजेंसियों के कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले सप्ताह सभी एजेंसियों के साथ पुनः इसकी समीक्षा की जाएगी।

# जनता दरबार में जिला प्रशासन ने 59 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर की सुनवाई



**चाणक्य भूमि मोतिहारी**

समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर के विभिन्न प्रखंडों से आए 59 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई ।प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम पीजीआरओ शैलेंद्र भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश अपर समाहर्ता के द्वारा प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता दरबार में जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वेद तथा संस्कृत के शिक्षक किए गए सम्मानित

**चाणक्य भूमि, मोतिहारी।**

संसार के सभी लोग सुखी हो,यह समस्त पृथिवी ही हमारा परिवार है और जहाँ सम्पूर्ण विश्व एक घोंसला है- ऐसी उदात्त भावना के कारण ही संस्कृत भाषा विश्व का गौरव है।उक्त विचार शुक्रवार को महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय में मंगल सेमिनरी हाई स्कूल से अवकाश प्राप्त शिक्षक अरुण प्रकाश पाण्डेय के सौजन्य से आयोजित वेद तथा संस्कृत शिक्षक सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए पीयूपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ• (प्रो•) कर्मात्मा पाण्डेय ने व्यक्त किया।अरुण प्रकाश पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि बड़े-बड़े आदर्शों की,महान गुणों की,संस्कारों के निधि की और शास्त्रों की जननी स्वरूपा संस्कृति स्वयं संस्कृत भाषा के आश्रित है। उन्होंने कहा कि वेद तथा संस्कृत शिक्षकों का सम्मान करने का तात्पर्य भारतीय




संस्कृति का सम्मान करना है।वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की दो ही प्रतिष्ठा है- संस्कृत भाषा तथा भारतीय संस्कृति। संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के बिना भारत का पूर्ण विकास संभव नहीं हो सकता।अन्य वक्ताओं में महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के प्रो• विश्वजीत वर्मन,आचार्य विनोद पाण्डेय,सुनिल तिवारी,सुधीर दत्त पाराशर,राजन पाण्डेय,विकास पाण्डेय आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय,प्रो• विश्वजीत वर्मन,आचार्य विनोद पाण्डेय,सुनिल तिवारी,सुधीर दत्त पाराशर,राजन पाण्डेय,राकेश तिवारी,विकास पाण्डेय,सुधाकर पाण्डेय,रुपेश ओझा सहित अन्य उपस्थित वेद तथा संस्कृत शिक्षकों को अरुण प्रकाश पाण्डेय जी ने अंगवस्त्र,कलम आदि प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन राकेश तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण कुमार ने किया। मौके पर सुजीत मिश्र,अरुण तिवारी,राम मनोहर,गौतम कुमार,वेद प्रकाश पाण्डेय,डा• नितेश कुमार,संजय तिवारी,प्रदीप कुमार,अधिवक्ता आलोक चन्द्रा,राजीव तिवारी सहित वेद विद्यालय के समस्त शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से किया नव निर्मित स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन

**चाणक्य भूमि, मोतिहारी**

नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बिहार सरकार एवं जे०पी० नड्डा मंत्री स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के नव निर्मित स्वास्थ्य संस्थानों का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से उद्घाटन हुआ।इस दौरान जिला मुख्यालय, स्थित समाहरणालय कक्ष में डीएम सौरभ जोरवाल, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिँह, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीपीसी भारत भूषण एवं जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के दौरान उपस्थित रहें। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिँह ने बताया की सीएचसी पिपराकोठी प्रखंड के सीएचसी, पकड़ीदयाल मे चैता एचडब्लूसी,कोटवा जसौली मे एचडब्लूसी,अरेराज मलाही मे एपीएचसी,तुरकौलिया बहुरूपया एपीएचसी, बनकटवा,मठिया भोपत एपीएचसी,चकिया मे दीदी की रसोई पकड़ीदयाल मे दीदी की रसोई



अरेराज अनुमण्डलीय अस्पताल मे दीदी की रसोई का उद्घाटन स्थानीय विधायक/विधान पार्षद द्वारा किया गया है।सीएस डॉ विनोद कुमार सिँह ने कहा की आज शुक्रवार को जिला के तैयार सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को आमलोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया गया। जहाँ लोगों को मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य की जांच, प्रसव पूर्व जांच, प्रसव कराने तथा इसके लिए आशा तथा एएनएम द्वारा पूर्व से तैयारियों संबंधित सुविधाएं, परिवार नियोजन सुविधाएं, संक्रामक तथा गैर संक्रामक रोग प्रबंधन व अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। रक्त, बीपी, शूगर व अन्य प्रकार की जांच तथा दवा आदि की व्यवस्था की जाएगी।सामान्य बिमारियों के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भटकना नहीं होगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएचसी पिपराकोठी का उद्घाटन मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने, अनुमण्डलीय अस्पताल चकिया मे जीविका दीदी की रसोई का उद्घाटन श्यामबाबू यादव, अनुमण्डलीय अस्पताल अरेराज मे जीविका दीदी की रसोई का उद्घाटन सुनील मणि तिवारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटवा का उद्घाटन नरकटिया विधायक शमीम अहमद ने किया।

# वृद्ध का शव संदिग्ध स्थिति में बरामद 112 की टीम ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा हॉस्पिटल

**चाणक्य भूमि, मोतिहारी**

अधेड़ की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उसके जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई। वह ढाका थाना क्षेत्र का निवासी है और चुलाई मियां (65) उसका नाम है। घटना नगर थाना क्षेत्र के एमएस कॉलेज गेट के पास की बताई जा रही है।आसपास मौजूद लोगों ने कहा कि चुलाई मियां कई दिन से इसे इधर भटक रहे थे। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। आज जब उनके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई तो इसकी सूचना डायल 112 की पुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंची नगर थाना की डायल 112 की टीम ने देखा तो वह मर चुके थे। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए



सदर अस्पताल भेज दिया गया। नगर थानाध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि उनके परिजनों से बात नहीं हो सकी है। परिजनों को थाना के माध्यम से सूचना दी जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक नई चिकित्सा पद्धति डॉ प्रशांत

## स्टोन हर्बल क्लीनिक की हुई उद्घघाटन

**चाणक्य भूमि, मोतिहारी।**

जानपुल रोड में स्टोन हर्बल ई क्लीनिक का उद्घाटन ई0 अवधेश प्रसाद यादव एवं डॉ श्रीकांत के द्वारा सयुक्त रूप से मंत्रों उच्चारण के पश्चात फीता काटकर उद्धघाटन किया गया।वही निदेशक डॉ प्रशांत कुमार ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक नई चिकित्सा पद्धति है।इसके दवा से मनुष्य के शरीर पर किसी भी तरह का कुप्रभाव नही पड़ता ये पेड़ पौधों से एसेंस निकाल कर दवा तैयार की जाती है। इस दवा से पुराने से पुराने दर्द,पथरी,बबासीर, स्त्री रोग, गैस ,गांठ ,चर्म



रोग,कैंसर,एड्स बीपी शुगर जैसे खतरनाक विमारी भी आसानी से इस पैथी से ठिक होता है।एक बार इस पैथी को जरूर अपनाना चाहिए ये चमत्कारी पैथी है। मौके पर जितेंद्र यादव,सुधीर मिश्रा, रंजू देवी,मदन सिंह, डॉ आदित्य कुमार,बिजली मुखिया,सैफुल्लाह अंसारी प्रमोद कुमार पत्रकार मौजूद थे।

# महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम समिति की बैठक संपन्न

**चाणक्य भूमि, मोतिहारी**

सभागार में महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुआ।इस बैठक का संचालन नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव ने किया। इस बैठक में मोतिहारी शहर के विकास के लिए कई महत्तपूर्ण निर्णय लिया गया एवं कई महत्पूर्ण योजनाओं की स्वीकृति दी गयी।शहर का ह्रदय स्थल मोतीझील में हो रहे विकास कार्य को तीव्र गति से पुर्ण कराया जायेगा साथ ही मोतीझील में शीघ्र ही सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए डीपीआर तैयार कर नगर विकास को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। प्रथम चरण में विभाग के द्वारा मोतीझील में रोइंग क्लब एवं गायत्री नगर छठ घाट पर बोटिंग स्टेशन की व्यवस्था की गयी है। आने वाले दिनों में इसका विस्तार किया जायेगा। साथ ही झील में लगे फाउंटेन मशीन की मरम्मत करते हुए शीघ्र चालू करने का निर्देश दिया। आने वाले समय में मोतीझील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।छठ महापर्व के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्र के 230 छठ घाटों को चिन्हित कर आउटसोर्सिंग के मध्यम से साफ सफाई कराने का निर्णय लिया गया साथ ही बैरिकेटिंग कर के छठ घाट को सुरक्षित बनाया जायेगा एवम जिन वार्डों में नए छठ घाट के निर्माण की आवश्यकता है वहां नये छठ घाट का निर्माण कराया जायेगा। वही शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने व साफ सफाई व्यवस्था में



सुधार को लेकर कई बिंदुओं पर निर्णय लिये गये। जेसीबी मशीन, लीटर पैकिंग मशीन, कचरा पॉइंट पर आरसीसी प्लेटफार्म निर्माण के साथ ही दिल्ली जैसे महानगरों के तर्ज पर मीनी ट्रांसफार्मर स्टेशन का निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर उसे सिवकृति के लिए नगर विकास विभाग को भेजा जायेगा। इस के निर्माण के बाद शहर में सड़क पर कचरे को स्टोर करने की जरूरत नहीं पड़ेगा।

# 900वां करियर गोल दाग कर भावुक हुए फुटबॉलर रोनाल्डो

## यूईएफए नेशंस लीगः पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया।

बैलन डीओर के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गुरुवार को क्रोएशिया के खिलाफ मैच में करियर गोल दागने के बाद भावुक हो गए। रोनाल्डो ने करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा जिससे उनकी टीम ने यूएफा नेशंस लीग के पहले मैच में क्रोएशिया को 2-1 से हरा दिया। रोनाल्डो ने कुछ दिन पहले सऊदी अरब में अपने क्लब अल-नस्र के लिए शानदार फ्री-किक पर गोल किया और इस उपलब्धि के नजदीक पहुंचे थे। गुरुवार रात को इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने करियर का पहला गोल किया हो। सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा। गोल का जश्न मनाते हुए रोनाल्डो भावुक नजर आए। 900 में से उनके आधे गोल रियल मैड्रिड के लिए आए हैं। बाकी गोल उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, युवेंतस और मौजूदा क्लब अल नस्र के लिए किए हैं।

रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर अपने माइलस्टोन को शेयर भी किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कुछ ऐसा लिखा जिससे यह प्रतीत होता है कि वह हाल-फिलहाल में संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। उन्होंने लिखा- मैंने इसका सपना देखा था, मेरे और भी कई सपने हैं। आप सभी का धन्यवाद! रोनाल्डो को विश्व के महानतम फुटबॉलर्स में से एक माना जाता है। उनके और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी के बीच मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर को लेकर बहस रहती है। हालांकि, मेसी ने 2022 में फीफा विश्व कप जीतकर कुछ हद तक इस बहस को आसान बना दिया था, लेकिन रोनाल्डो का क्लब करियर बेहद शानदार है। रोनाल्डो पहले से ही प्रोफेशनल फुटबॉल और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर मेसी हैं, जिन्होंने प्रोफेशनल फुटबॉल करियर में 838 गोल किए हैं।

मैच की बात करें तो रोनाल्डो के गोल से पहले डिओगो डालोट के गोल ने पुर्तगाल को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी। हालांकि, डालोट ने इसके बाद एक आत्मघाती गोल भी दागा, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल जीत हासिल करने में कामयाब रहा। दोनों टीमें नेशंस लीग के ग्रुप ए-1 में पोलैंड और स्कॉटलैंड के साथ हैं। पुर्तगाल रविवार को लिस्बन में स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने भारतीय रेलवे से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देकर भारतीय रेलवे से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया जबकि उनके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हैं। विनेश ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय रेलवे की सेवा करना मेरे जीवन का यादगार और गर्व से भरा समय रहा। उन्होंने आगे लिखा, 'मैने रेलवे की सेवा से खुद को अलग करने का फैसला किया है और भारतीय रेलवे के संबंधित अधिकारियों को अपना इस्तीफा भेज दिया है। विनेश ने लिखा, 'मैं रेलवे द्वारा देश की सेवा करने का मौका दिए जाने के लिए सदैव भारतीय रेलवे परिवार की आभारी रहूंगी। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में 50 किलो के स्वर्ण पदक के मुकाबले से ठीक पहले अयोग्य करार दिए जाने के कारण कुश्ती से संन्यास ले लिया था। उनकी अपील को खेल पंचाट ने खारिज कर दिया था।

### अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा क्योंकि हर जीत मायने रखती है : यशस्वी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का मानना है कि टीम को अगले कुछ महीनों में खेले जाने वाले 10 टेस्ट मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। उन्होंने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हर जीत बहुत मायने रखती है। पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू पर जायसवाल ने शानदार 171 रन बनाए और इस साल इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत में उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया जिसमें विशाखापत्तनम और राजकोट में लगातार दोहरे शतक शामिल हैं।

वह सुनील गावस्कर के बाद द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में 700 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। जायसवाल ने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हर मैच महत्वपूर्ण है। आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा क्योंकि हर जीत मायने रखती है। भारत के लिए खेलने का कोई भी अवसर अविश्वसनीय है, और देश का प्रतिनिधित्व करना मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। भारत अपने घरेलू सत्र की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर को चेन्नई में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगा।

बांग्लादेश रावलपिंडी में पाकिस्तान पर 2-0 की ऐतिहासिक सीरीज जीत हासिल करने के बाद आएगा। जायसवाल ने कहा, मुझे लगता है कि वे अच्छा खेल रहे हैं। उनके साथ मैच खेलना मजेदार होगा, टेस्ट मैच खेलना मजेदार है। मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। जायसवाल ने गुरुवार को बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के खेल में भारत बी के 321 के कुल स्कोर में 30 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आसानी से बदलाव करने में उनकी मदद करने वाली चीजों के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा, मैंने अपना फॉर्म बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की है और इसे बनाए रखने के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा।

यूएस ओपन

## सबालेंका यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप की विमेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, इटली की सारा ईरानी और एड्रिया वावसारी की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी।

न्यूयॉर्क में शुक्रवार को बेलारूसी स्टार सबालेंका ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की एमा नवारो को सीधे सेट में 6-3, 7-6 से हराया। उनका सामना रविवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। छठी सीड जेसिका ने चेक रिपब्लिक की करोलिना मुचोवा को 3 सेट तक चले मुकाबले में 1-6, 6-4, 6-2 से हराया।

बेलारूसी स्टार सबालेंका सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की खिलाड़ी पर भारी पड़ीं। उन्होंने पहला सेट 6-3 से जीत लिया, हालांकि दूसरे सेट में अमेरिकी स्टार नवारो ने उन्हें फाइट दी। लेकिन सबालेंका ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरे सेट को टाई ब्रेकर तक ले गई।

उन्होंने इस सेट को 7-6 के अंतर से जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की छठी सीड खिलाड़ी जेसिका ने मुचोवा को 2 घंटे 12 मिनट चले मुकाबले में हराया। उन्होंने पहला सेट 1-6 से गंवाने के बाद 6-4, 6-2 की जबर्दस्त वापसी की। मेजबान देश की एमा नवारो ने सबालेंका को दूसरे सेट में कड़ी फाइट दी। मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में इटली और अमेरिका की जोड़ियों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। इटैलियन जोड़ी ने फाइनल मुकाबले के दोनों सेट टाई ब्रेकर में जीते। सारा ईरानी और एड्रिसा वावसारी की तीसरी सीड जोड़ी ने डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की जोड़ी को 7-6, 7-5 से हराया।

## आईपीएल 2025 से पहले कुमार संगाकारा लेंगे गौतम गंभीर की जगह?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 से पहले सिर्फ टीमों में खिलाड़ियों के रूप में नहीं, बल्कि कोचिंग स्टाफ के रूप में भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं. जैसे मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ी एक टीम से दूसरी टीम में जा सकते हैं, वैसे ही कोचिंग स्टाफ के सदस्य भी एक टीम से दूसरी टीम में शामिल हो सकते हैं.

अब खबर सामने आई कि राजस्थान रॉयल्स के टीम डायरेक्टर कुमार संगाकारा कोलकाता नाइट राइडर्स में गौतम गंभीर की जगह ले सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, संगाकारा कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर बनने की बातचीत में लगे हुए हैं. अगर संगाकारा केकेआर के मेंटॉर बनते हैं, तो वह गौतम गंभीर की जगह लेंगे. टीम इंडिया के हेड कोच बनने के बाद गंभीर को केकेआर का साथ छोड़ना पड़ा था. 2024 में गंभीर कोलकाता के मेंटॉर के रूप में नजर आए थे. अब 2025 में कुमार संगाकार केकेआर के मेंटॉर के रूप में दिख सकते हैं.

### 2024 में अच्छा रहा था राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन

रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया कि श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स से अपने रास्ते अलग करके दूसरी टीमों के ऑफर को देखना चाहते हैं. हालांकि अभी इस बात को लेकर किसी भी तरह की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या वाकई में ऐसा बदलाव होता है या नहीं.

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था. टीम ने 14 में से 8 मैचों में जीत हासिल कर नंबर तीन की जगह हासिल की थी.

## IPL में 130 रुपये में भी नहीं बिकेगा

### यूट्यूबर ने पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम का उड़ाया मजाक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार जीत हासिल की, जिससे पाकिस्तान क्रिकेट को एक बड़ा झटका लगा है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 2-0 से हराकर पहली बार टेस्ट सीरीज में घर में पराजित किया। इस हार ने पाकिस्तान की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट टेबल और आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी महत्वपूर्ण नुकसान किया है।

### सीरीज की हार और पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच यह टेस्ट सीरीज रावलपिंडी में खेली गई थी। पहले मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराया और दूसरे मैच में भी बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर सीरीज पर कब्जा जमाया। इस हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट की टीम और उनके प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व क्रिकेटर्स और क्रिकेट फैंस ने टीम की आलोचना की और हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया।

बाबर आजम पर यूट्यूबर की टिप्पणियां

इस सीरीज के दौरान पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। बाबर आजम, जो पाकिस्तान की बल्लेबाजी का मुख्य आधार हैं, इस सीरीज में बहुत ही खराब फॉर्म में दिखे। उनकी इस निराशाजनक प्रदर्शन के चलते सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है।

एक पाकिस्तानी यूट्यूबर ने बाबर आजम की आलोचना करते हुए कहा, आईपीएल में तो कोई उन्हें 130 रुपये में भी नहीं खरीदेगा। यह टिप्पणी बाबर के हालिया प्रदर्शन पर तंज कसते हुए की गई थी। हालांकि, ध्यान देने वाली बात है कि फिलहाल आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भागीदारी पर प्रतिबंध लगा हुआ है, जिससे बाबर आजम को आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिलता।

### पाकिस्तान के कप्तान की प्रतिक्रिया

पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा, मैं पूरी तरह से हार की जिम्मेदारी लेता हूं और देश से माफी मांगता हूं। मसूद ने हार की जिम्मेदारी स्वीकार की, जबकि टीम की हार ने पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति पर सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान की बांग्लादेश के खिलाफ हार ने क्रिकेट प्रेमियों और विश्लेषकों का ध्यान आकर्षित किया है।

सीपीएल- 2024, चौका 0, छक्के 11

## शिमरोन हेटमायर का टूटा कहर, शतक से चूके, दिल जीता



**गुयाना, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के तहत सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में गुयाना अमेजन वॉरियर्स के शिमरोन हेटमायर ने तूफानी पारी खेलकर सबको हैरान कर दिया।

गुआना के लिए खेलते हुए हेटमायर ने सिर्फ 39 गेंदों पर 91 रन बनाए। उनकी पारी की खासियत यह रही कि उन्होंने पारी में एक भी चौका नहीं लगाया, उनके सारे शॉट छक्के (11) के रूप में सामने आए। यही नहीं, उक्त मैच में कुल 42 छक्के भी लगे। गुआना ने 23 तो सेंट किट्स के बल्लेबाजों ने 19 छक्के उड़ाए। प्लेयर ऑफ द मैच बने शिमरोन हेटमायर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दो हिस्सों की पारी थी। शुरुआत में जब मैं और गुरबाज बल्लेबाजी कर रहे थे तो हम अच्छा खेल रहे थे। फिर गुरबाज़ और आज़म के आउट होने के बाद मुझे इसे थोड़ा पीछे खींचना पड़ा। थोड़ी सी थकान भी आ गई।

वहीं, पारी में कोई चौका न लगाने पर उन्होंने कहा कि नहीं, ऐसी कोई योजना नहीं थी। मैं कुछ अलग करने की बजाय सिर्फ गेंद को उसकी योग्यता के आधार पर खेलने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच गेंद हवा में रही।

जीत के बाद गुयाना अमेजन वॉरियर्स के कप्तान इमरान ताहिर ने कहा कि मेरे पास जो टीम है उससे मैं कुछ भी उम्मीद कर सकता हूं और यही मेरा विश्वास है। हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे लेकिन फिर मैंने पिच को देखा और उन्हें दबाव में लाने के लिए पहले बल्लेबाजी करने के बारे में सोचा। हेटमायर ने अविश्वसनीय पारी खेली। हम बहुत भाग्यशाली थे कि बोर्ड पर इतना अच्छा स्कोर था लेकिन बचाव करना भी एक कला है और खुशी है कि हम यह काम करने में सक्षम रहे।

### ऐसा रहा मुकाबला

आंद्रे फ्लेचर और शेरफेन रदरफोर्ड ने गुयाना अमेज़ॅन वॉरियर्स को थोड़ी देर के लिए डरा दिया जब 267 रन के टारगेट का पीछा करते हुए सेंट किट्स के यह बल्लेबाज चौकेछक्के बरसा रहे थे। इससे पहले गुरबाज़ और हेटमायर ने शानदार पारियां खेलकर वॉरियर्स को सीज़न के सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। गुरबाज ने 37 गेंदों पर 69, हेटमायर ने 91 तो कीमो पॉल ने 14 गेंदों पर 38 रन बनाकर स्कोर 266 तक पहुंचा दिया।

जवाब में खेलने उतरी सेंट किट्स की टीम 18 ओवर में 226 रन पर ऑलआऊट हो गई। फ़्लेचर ने 33 गेंदों पर 9 छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। लेकिन गुयाना को अंत में 40 रनों से जीत हासिल हुई।

## भारत को ऑस्ट्रेलिया में हराना क्यों है मुश्किल

### मार्नस लाबुशेन ने बताई वजह



**मुंबई, एजेंसी।** स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाजों के कारण उसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलियाई हालात में हराना कठिन होगा। भारत ने 2014-15 में 1-2 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया को हर द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला में हराया है। भारत ने 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

लाबुशेन ने कहा, 'भारत के तेज गेंदबाज शानदार हैं जिसकी वजह से आस्ट्रेलियाई हालात में उन्हें हराना कठिन होगा। उन्होंने कहा, 'इस श्रृंखला को लेकर काफी अपेक्षाएं हैं। इन दोनों टीमों के बीच मुकाबले हमेशा कठिन होते हैं, चाहे वे जहां भी खेले जाएं। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय खिलाड़ियों को सुपरस्टार कहा और भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ मैदान पर प्रतिद्वंद्विता फिर शुरू होने की उम्मीद जताई। उ

न्होंने कहा, 'मैने अपने पूरे करियर में कहा है कि मैं सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना चाहता हूं। आप पूरी भारतीय टीम को देख लीजिये जिसमें सुपरस्टार भरे हैं। उन्होंने कहा, 'अश्विन और मैने एक ही समय पर पदार्पण किया था और कई श्रृंखलाओं में एक दूसरे के खिलाफ खेले हैं। मेरे मन में उनके लिए काफी सम्मान है। वह आफ स्पिन का महारती है और उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र 2023-25 में 68.52 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 62.50 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल अगले साल 11 से 15 जून को लाडर्स पर खेला जाएगा।

## विक्रम राठौड़ अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कोच नियुक्त

**नोएडा, एजेंसी।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में 9 से 13 सितंबर तक अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड की पुरुष टेस्ट टीम के बल्लेबाजी कोच नियुक्त किये गए हैं। 2012 में राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता बनने से पहले राठौड़ ने 90 के दशक के अंत में भारत के लिए छह टेस्ट खेले और हाल ही में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में मजबूत भारतीय बल्लेबाजी इकाई का नेतृत्व किया। न्यूजीलैंड ने एशिया में आगामी तीन टेस्ट मैचों के लिए श्रीलंकाई स्पिन उस्ताद रंगना हेराथ को स्पिन-गेंदबाजी कोच नियुक्त किया, उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर और कोच सकलैन मुश्ताक की जगह ली।



# गउरा चल जा नैहरवा हमरा गम नइखे

## सोलहो श्रृंगार में सुसज्जित सुहागिनों ने तीज व्रत पर सुनी कथा





चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया।शुक्रवार को जिले में हरितालिका व्रत तीज की धूम रही।खासकर बेतिया, मझौलिया और बगहा में पूरे उत्साह के साथ महिलाओ ने निर्जला ब्रत रखा। आचार्य पंडित रमेश पाठक के बैदिक मंत्रोच्चार से पूरा बाबू क्वार्टर कॉलनी मझौलिया गुलजार रहा। मझौलिया की पूर्व उपसरपंच कनक लता और उनकी पुत्र वधु अंजलि श्रीवास्तव ने खूब शिव का लाचारी गाया। भारत की हिंदू समाज की नारी अपने पति को सात जन्मों तक एक साथ जीने मरने की कसम विवाहोप्रांत सात फेरे में संकल्प के दौरान लिया जाता रहा है। इस दौरान, रामधाम मंदिर, पिपरिया बेलवा डुमरिया मेहुडा सिंगाड़ी चौतरवा भैरोगंज समेत सैकड़ों गांवों में शुक्रवार को हरितालिका व्रत कथा महिलाओं ने उपवास रहकर सुनी। वहीं महिलाओं ने अपनी बेहतर जिंदगी जीने के साथ अपने पति की सलामती में वर्षों से न्योछावर करने वाली व्रत वर्षों से निभातीं आ रहीं हैं। इसी कड़ी में रामधाम मंदिर निवासी महिला भक्त चंद्रावती देवी,वंदना भारतीय, दिव्या गुप्ता,तारामती देवी, प्रमिला गुप्ता, वाणी कुमारी, जुली कुमारी, मंदिरा देवी, अर्चना कुमारी, ने भगवान शिव पार्वती तथा गणेश जी की मिट्टी से बनाई गई मूर्ति के पूजन बड़े धूम धाम से मंत्रोचारण के बीच फल फूल केला सेवा मिस्ठान आदि मौजूद संसाधनों के साथ किया। जिसमें हरितालिका व्रत कथा महिलाओं ने सुनी तथा भगवान शिव पार्वती की आराधना करते हुए भक्ति भाव से संगीत का आयोजन किया गया।

# रतनमाला शाखा से रुपये निकाल कर घर लौट रहे बृद्ध से 01 लाख की छिनतई

चाणकय भूमि, मझौलिया

**मझौलिया**। शुक्रवार को एसबीआई की शाखा रतनमाला से एक लाख रुपये की निकासी कर घर लौट रहे ग्रामीण से दो बाइक पर सवार हेलमेट पहने बदमाशो ने चकमा देकर एक लाख रुपये छीन ली।इस बावत पीड़ित उपभोक्ता दिल हसन गद्दी ने मझौलिया थाना में आवेदन प्रतिवेदित किया है।आवेदन के आलोक में पुलिस ने नाकेबंदी कर छापेमारी शुरू कर दिया है। छिनतई का शिकार उपभोक्ता सिकटा प्रखंड के खाप टोला गावं का निवासी बताया जा रहा है।एफआईआर में उल्लेखनीय है कि जैसे ही दिल हसन गद्दी बैंक से पांच सौ मीटर की दूरी पर गया था, तब तक सुनसान सड़क पर दो बाइक पर सवार चार लोग हेलमेट पहने आये और बोले कि झोला में दारू लिया है?हम पुलिस वाले है।झोला चेक कराओ।इतना ही कहते रुपये से भरा झोला लेकर स्टार्ट गाड़ी से भाग निकले।पीड़ित उपभोकता के पिता का नाम स्व.जंगी गद्दी है।इस घटना से थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।










# बगहा।में विभिन्न कांडो के 06 अभियुक्त गिरफ्तार

## वाहन जांच के दौरान 93,000 रूपये का लगा जुर्माना

चाणक्य भूमि,बगहा



**बगहा**। बगहा पुलिस जिला में विगत 24 घंटा में 06 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है, कुल-02 अजमानतीय तथा 01 कुर्की का निष्पादन किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने गुरुवार को प्रेस रिलीज जारी करके दिया उन्होंने बताया कि चौतरवा थाना, ठकराहा थाना,बगहा थाना, रामनगर थाना द्वारा शराब के कांड,वारंट तथा अन्य कांड मामले में 06 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 4.5 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा को अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया। जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-27,000, रामनगर थाना द्वारा-25,000, बगहा थाना द्वारा-25,000, धनहाँ थाना द्वारा-9,500, चौतरवा थाना द्वारा-6,500 इस प्रकार कुल-93,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।बुधवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान किया गया तथा संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच किया गया।

# भालू के हमले से ग्रामीण घायल

चाणक्य भूमि ,बगहा



वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल 2 में भालू के हमले से एक ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया। गोनौली गांव में शुक्रवार की देर शाम लगभग 9 बजे एक व्यक्ति जिसकी पहचान वीर बहादुर राव पिता स्वर्गीय गोपी राव के रूप में की गयी है ।खाना खाने के बाद लघु शंका के लिए अपने घर के बाहर निकले थे।तभी एक भालू जो अपने दो शावकों के साथ पीड़ित पर हमला बोल दिया। पीड़ित के चिल्लाने पर लोग शोर मचाने लगे।तब भालू शावकों के साथ खेतों की ओर भाग निकला।फिलहाल घायल व्यक्ति खतरा से बाहर है।

# हाईटेक पोलिटेक्निक कॉलेज दुबौलिया में होगी विधि की पढ़ाई

## ग्रुप डाइरेक्टर ने जताया हर्ष

चाणकय भूमि,मझौलिया



**मझौलिया**। सुभवन्ति इंस्टिट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल एजुकेशन दुबौलिया को वित्तीय वर्ष 2024-27 के लिए भारतीय विधिक परिषद् (बार कौंसिल ऑफ़ इंडिया ) ने अनुमोदन पत्र एवं बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर बिहार यूनिवर्सिटी, मुजफ्फरपुर, बिहार से स्वीकृति मिली है।, जिसमें विधि स्नातक (एल एल. बी)तीन वर्ष के साथ - साथ स्नातक विधि स्नातक (बीए एल एल. बी) 5 वर्ष की मान्यता मिली है | विधि स्नातक (एल एल. बी) 3 वर्ष एवं स्नातक विधि स्नातक (बीए एल एल. बी) 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में ६०- ६० सीट आवंटित है | इसके द्वारा विधिक क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भवनायें हैं। संस्थान के चेयरमैन , डायरेक्टर जनरल, ग्रुप डायरेक्टर, शिक्षकों एवं छात्रों में खुशी की लहर है| विधि स्नातक (एल एल बी ) 3 वर्ष एवं स्नातक विधि स्नातक (बीए एल एल. बी) 5 वर्षीय पाठ्यक्रम इस सत्र में नामांकन सह शैक्षणिक कार्य निर्धारित रूप से परिचालन होगा| इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डॉअरुण कुमार वर्मा, ग्रुप निदेशक डॉ.के रविनाथ , फार्मेसी के प्राचार्य डॉक्टर अफ़रोज़ आलम, पॉलिटेक्निक के प्राचार्य अमित कुमार, वीरेश कुमार रॉय, पंकज कुमार , अभिषेक आनंद , अभिमन्यु कुमार झा , मिथिलेश कुमार ,राजकिशोर ,समदर्शी कुमार, आनंद श्रीवास्तव आदि ने हर्ष जताया है।

# लड़की की लापता होने पर केस दर्ज

**चाणकय भूमि,नरकटियागंज** । शिकारपुर थाना के एक गांव से एक लड़की गायब हो गई है। घटना बिगत 04 सितंबर की है। लड़की के पिता ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में उसने बताया है कि घटना के दिन सुबह दस बजे उसकी लड़की घर से निकली।उसके बाद से उसका अता घटना को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है।पता नही है।खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नही मिल सका है।पुलिस मामले में एफआईआर दर्जकर कार्रवाई कर रही है।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

## शव का शिनाख्त नहीं

**चाणक्य भूमि, नानोसती। नानोसती** । शुक्रवार को राजघाट पुल संख्या 196 रेलवे ट्रैक के समीप एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेजा। दिया। मृत महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना के संदर्भ में एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि उक्त महिला लाल रंग की छिटदार साड़ी पहनी हैं।







# पिस्टल लहराते युवक का फोटो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

चाणक्य भूमि, मैनाटांड़



**मैनाटांड़**। पुरूषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के मझरिया के एक युवक का पिस्टल जैसा हथियार ललहराते हुये फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।युवक का फोटो नरकटियागंज रक्सौल रेलखंड पर स्थित मर्जदवा स्टेशन का बताया जा रहा है। हालांकि चाणक्य भूमि अख़बार वायरल फोटो की पुष्टि नहीं करता है।उधर पुरूषोत्तमपुर पुलिस ने वायरल फोटो संज्ञान में आते ही कारवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि शुक्रवार के अपराह्न जैसे ही वायरल फोटो की जानकारी मिली। तुरंत उक्त युवक की खोज में कारवाई शुरू कर दी गयी। थानाध्यक्ष ने बताया कि जिस युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसके डेढ़ महीने से बंगलौर में रहने की जानकारी मिल रही है। मझरिया गांव निवासी कलीम के पुत्र बागड़ उर्फ समी महम्मद को सोशल मीडिया में पिस्टल लहराते हुए फोटो का भी सत्यापन किया जा रहा है।फोटो में देखने से पिस्टल जैसा खिलौना लग रहा है।फिर भी पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि उक्त युवक अपने सोशल आईडी से पिस्टल जैसा कुछ लिये फोटो अपलोड किया है।जो क्षेत्र है चर्चा का विषय बना हुआ है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714